हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

8 राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

मैट्रो

14 पुस्तक मेला से शैक्षणिक सामग्री ...

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में दिया जवाब

केंद्रीय विद्यालयों में 'दाखिले' के लिए सांसद कोटे को फिर शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्यालयों में फिर से सांसद कोटा शुरू किए जाने की अटकलों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में जवाब दिया है। सोमवार को उन्होंने एक लिखित जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के विचाराधीन नहीं है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सांसद कोटा सहित कुछ विशेष प्रावधानों को वापस ले लिया, जो कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या के अतिरिक्त था और छात्रों की शिक्षा को प्रभावित कर रहा था। प्रधान ने आगे कहा कि यह कोटा कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या से अतिरिक्त था और इसलिए बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए इन्हें समाप्त कर दिया गया। था।

क्यों बंद किया गया था कोटा?

1 बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने

2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए

केंद्रीय विद्यालयों में क्या था सांसद कोटा?

जब तक यह कोटा था तो एक सांसद को किसी केंद्रीय विद्यालय में 10 बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिश करने का विशेषाधिकार प्राप्त था। यहां तक कि जिलाधिकारी को भी प्रायोजक प्राधिकरण कोटे के तहत 17 छात्रों के प्रवेश के लिए सिफारिश करने की शक्ति थी। लोकसभा के 543 और राज्यसभा के 245 सदस्य इस कोटे के तहत एक साल में कुल 7,880 बच्चों के दाखिले की सिफारिश कर सकते थे, लेकिन 2022 में केंद्र सरकार ने इस कोटे को खत्म कर दिया था।

कोटा खत्म होने से पहले कितने होते थे एडमिशन?

यह कोटा खत्म होने से पहले सांसदों की सिफारिश पर केंद्रीय विद्यालयों में बच्चों के एडमिशन सीमित संख्या से ऊपर पहुंच जाते थे। आंकड़ें बताते हैं कि वर्ष 2018-19 में सांसद कोटे के तहत कुल 8,164 एडमिशन हुए थे। इसी तरह वर्ष 2019-20 में एमपी कोटे से 9411 एडमिशन हुए, तो वहीं 2020-21 में कुल 12,295 बच्चों के दाखिले हुए। हालांकि, साल 2021-22 में एमपी कोटे के तहत कुल 7301 एडमिशन हुए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

पीएचडी छात्रों के लिए बढ़ाई 62% फेलोशिप

नई दिल्ली। पीएचई दिल्ली स्टेट यूनिवर्सिटी में शुमार ट्रिपल आईटी दिल्ली ने पीएचडी छात्रों के लिए खुशखबरी दी है। संस्थान ने पीएचडी फेलोशिप की धनराशि बढ़ा दी है। दिल्ली की इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पीएचडी फ़ेलोशिप 62 फीसदी तक पीएचडी फेलोशिप बढ़ा दी है। इस कदम का उद्देश्य टॉप लेवल की रिसर्चर को बढ़ावा देना और भारत के इनोवेशन सिस्टम को मजबूत करना है। अब पीएचडी फेलोशिप की राशि 60,000 प्रति माह दी जाएगी। पहले 37,000 रुपए मिलती थी। इसके साथ ही अन्य वित्तीय प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे।

विधानसभा का बजट सत्र : राज्यपाल ने की अभिभाषण में सरकार व सभी योजनाओं की तारीफ

युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन बेहद 'प्रभावी'

किसानों को पिछले वर्ष 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी गई। किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल के अतिरिक्त 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस सहित 2600 रुपए देने का निर्णय लिया गया।

27 पेज के अभिभाषण को महज 21 मिनट के संक्षिप्त वक्तव्य में पूरा किया

नदी जोड़ो परियोजना मप्र की तकदीर व तस्वीर बदल देगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के बजट सत्र में राज्पपाल मंगुभाई पटेल ने अपने अभिभाषण में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कुल 27 पेज के अभिभाषण को महज 21 मिनट के संक्षिप्त वक्तव्य में पूरा किया। इसमें केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत, उनकी कल्याणकारी नीतियों, गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी इन चारों वर्गों के कल्याण के लिए मोहन सरकार की संकल्पबद्धता का बखूबी वर्णन किया।

प्रदेश की उपज को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बनाएंगे

तीन वर्ष में 30 लाख सोलर पंप देंगे

धान उत्पाद करने वाले किसानों को 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय भी लिया गया है। कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए महासंघ का गठन, पैक्स में पीएम किसान समृद्धि केंद्र खुल रहे हैं। किसानों को बिजली बिल से मुक्ति के लिए तीन साल में 30 लाख किसानों को सोलर पंप मुहैया कराया जाएगा। 5 रुपए में किसानों को स्थाई बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए मप्र डेयरी बोर्ड के साथ अनुबंध की पहल हुई है। सांची ब्रांड को मतबूत किया जाएगा। गोवंश के चारे भूसे के लिए 20 रुपए आहार राशि को देखकर 40 रुपए प्रति गोवंश किया जा रहा है।

◆ 89 हजार 710 मेधावी छात्रों को लैपटॉप के लिए 224 करोड़

हमारी सरकार ने 89 हजार 710 मेधावी छात्रों को लैपटॉप देने के लिए 224 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। 7,822 मेधावी छात्रों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की गई है। सभी जिलों में एक-एक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं। इस तरह के 55 कॉलेज खोले गए हैं। 780 पीएम श्री स्कूलों की स्थापना का लक्ष्य रखा गय है। समेकित छात्र वृत्ति योजना में 355 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति की राशि वितरित की जाएगी। व्यावसायिक शिक्षा के तहत 2,283 स्कूलों में 4 हजार छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश के चार संभागीय मुख्यालयों सागर, जबलपुर, उज्जैन एवं रीवा में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का उन्नयन कर मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी की स्थापना की जा रही है। आईआईटी दिल्ली के सहयोग से 3 कॉलेजों में 4 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं।

आज ही विस परिसर में कैबिनेट बैठक

आज आएगा आर्थिक सर्वेक्षण और द्वितीय अनुपूरक बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा के बजट सत्र में दो दिन 11 व 13 मार्च को चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही सरकार मंगलवार को सदन में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेगी। इसमें सरकार के आर्थिक परिदृश्य, खासकर आय-व्यय, प्रमुख योजनाओं, सरकार की आर्थिक नीतियों के अलावा सरकार यह भी बताएगी कि आखिर में राज्य सरकार का विकास के मुद्दे पर किस तरह से सफल रही है। आर्थिक सर्वेक्षण वस्तुतः राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों का आइना होता है। इसमें सरकार के खर्च करने के तौर तरीकों से लेकर आय व व्यय का पूरा ब्यौरा होता है। आर्थिक सर्वेक्षण के साथ ही सरकार करीब 10 हजार करोड़ रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट भी पारित कराएगी। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बजट में दी गई राशियों को मंजूरी दी जाएगी।

■ द्वितीय अनुपूरक बजट 10 हजार करोड़ का होगा

बुधवार को विधानसभा परिसर में ही सुबह 9.30 बजे कैबिनेट की बैठक भी रखी गई है। इसमें एक दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सोमवार को विभिन्न विभागों खासकर निर्माण विभागों की बैठक ली। उन्होंने बजट में मांगी गई राशि के प्रस्तावों पर चर्चा की है। इसके अलावा केंद्र प्रवर्तित योजनाओं तथा प्रदेश की विभिन्न योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर रोका, मंच पर चढ़े ज्यादा पदाधिकारी तो भरभरा गया

कई नेता मंच पर दबने से हुए घायल, जीतू पटवारी अस्पताल देखने पहुंचे

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान मंच 'टूटा' 3 महिला नेत्रियों सहित दर्जन भर नेता जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भोपाल में किसान कांग्रेस विरोध प्रदर्शन को लेकर आक्रामक रही। प्रदेश भर से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी रंगमहल पर बने मंच पर सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान मंच पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता चढ़ गए और अचानक मंच टूटने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटनाक्रम में किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान , उपाध्यक्ष राजीव सिंह और तीन महिला नेत्रियों को मिलाकर दर्जन भर से अधिक लोग घायल हुए। घायल नेताओं को शहर के अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

राजीव सिंह को ज्यादा चोटें, 5 घंटे चली सर्जरी

कांग्रेस विधायकों का अनोखा प्रदर्शन...

काले नकाब से मुंह छिपाकर पहुंचे विधानसभा

◆ विपक्ष बोलाः जनता के सवालों से मुंह छिपा रही सरकार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक काला नकाब पहनकर विधानसभा पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने गांधी की प्रतिमा के सामने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सिंगार ने आरोप लगाया कि सरकार जनता के सवालों से मुंह छिपाती है।

विदिशा में भाजपा नेता की पत्नी की हत्या

दिनदहाड़े घर में घुसकर हमलावर ने कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

पुलिस और फॉरेंसिक की टीम जांच में जुटी, हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अहमदपुर रोड स्थित जेतपुरा गांव की पूर्व जनपद सदस्य रानी ठाकुर को उनके ही घर में कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना सोमवार सुबह 11.30 बजे की बताई जा रही है। जिस समय इस घटना को अंजाम दिया गया तब उनके पति पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामविलास ठाकुर खेत पर थे। रानी की बेटी बाथरूम में नहा रही थी। आरोपी ने खाना बना रहीं पूर्व जनपद सदस्य की गर्दन पर पीछे से बार किया। बार इतनी तेजी से किया गया कि महिला वहां से हिल भी नहीं पाई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पति रामविलास के घर पहुंचने के बाद जब उन्होंने पत्नी को आवाज लगाई तो अंदर से कोई नहीं आया। जैसे ही वह अंदर कमरे में पहुंचे तो वहां पत्नी की खून से सनी लाश पड़ी थी।

भारतीय रेल में एक लाख से अधिक महिलाएं संभाल रहीं बखूबी अपनी जिम्मेदारी

रेलवे में महिला कर्मचारी

लोको पायलट	2,162
ट्रेन मैनेजर (गार्ड)	794
स्टेशन मास्टर	1699
पर्यवेक्षक	2,360
कर्मचारी	12,362
टिकट चेकर	4,446
पॉइंट्समैन	4,430

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी

- बीते 10 साल में महिला कर्मचारियों की बढ़ी संख्या
- रेलवे के कुल वर्कफोर्स में 8.2 प्रतिशत महिलाओं का योगदान
- वर्ष 2014 में मात्र 6.6 प्रतिशत ही महिला कर्मचारी थीं

स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं।

महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल

ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं।

दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है रेलवे : इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूजिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

होली पर 1450 अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा रेलवे

महाकुंभ के बाद होली के मद्देनजर यात्रियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए रेलवे कमर कस ली है। इस बीच रेलवे बोर्ड में सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने होली के त्योहार के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन और अतिरिक्त ट्रेनों के बारे में जानकारी दी। दिलीप कुमार ने कहा कि देश में होली का त्योहार बहुत खास है। इस त्योहार पर लोग भारी संख्या में अपने-अपने घर जाते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए हमने तैयारी की है। इस साल होली के अवसर पर हमने 1450 ट्रेनें चलाने की अधिसूचना जारी कर दी है। ये ट्रेनें देश के अलग-अलग हिस्सों से चलेंगी। नई दिल्ली, आनंद विहार, अहमदाबाद जैसी जगहों से भी ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। पिछले साल हमने देखा कि होली के मौके पर पश्चिम भारत और नई दिल्ली के आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाते हैं।

खबर संक्षेप

पंजाबः परीक्षा में पूछ डाले पार्टी से जुड़े 2 सवाल

चंडीगढ़। कक्षा 12वीं के बोर्ड एग्जाम में बच्चों से मौजूदा सत्ता पक्ष की पार्टी से जुड़े दो सवाल पूछे गए। जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई है। विपक्ष ने सरकार को भी पत्र लिखने की बात कही है। पंजाब बोर्ड ने परीक्षा में बच्चों के सामने दो सवाल पेपर में दिए। पहला सवाल आम आदमी पार्टी की स्थापना कब हुई थी? जबकि दूसरा सवाल आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का वर्णन करें।" इन सवालों को लेकर विपक्ष ने सरकार पर बोर्ड को अपने इशारों पर नचाने का आरोप लगाया है।

फरवरी में घरेलू वेज थाली की कीमत 1% घटी

नई दिल्ली। भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत फरवरी में (सालाना आधार पर) 1% घटकर 27.2 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में वेज थाली की कीमत 27.5 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी 'आरआरआर राइस रोटी रेट' रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत जनवरी की तुलना में फरवरी में 5% घटी है। जनवरी में वेज की कीमत 28.7 रुपए थी।

शबाना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

बेंगलुरु। यहां आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी निवास पर दिग्गज भारतीय अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में उन्हें 10 लाख रुपए का चेक भी दिया गया। इस खास मौके पर मशहूर कवि, गीतकार और शबाना के पति जावेद अख्तर भी मौजूद थे। सीएम ने सोशल मीडिया पर शबाना और जावेद की कुछ तस्वीरें शेयर की।

संसद में भाषाई मुद्दे पर हुई तीखी झड़प

'बेईमान सरकार' सुनते ही भड़के स्टालिन ने कहा- अहंकारी हैं प्रधान, संभालें अपनी जुबान

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

संसद के बजट के दूसरे चरण की आज से शुरुआत हो गई है। पहले ही दिन सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। इस कारण लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित भी करना पड़ा। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तमिलानाडु सरकार पर निशाना साधा और राज्य सरकार को बेईमान तक बता दिया। उनके इस बयान के बाद लोकसभा में जमकर हंगामा देखने को मिला। डीएमके के सदस्यों ने लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री की इस टिप्पणी की जमकर आलोचना की और विरोध प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र प्रधान की इस टिप्पणी के बाद तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भी एक पोस्ट किया और केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके पार्टी प्रमुख एमके स्टालिन ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधा। सीएम स्टालिन ने केंद्रीय मंत्री के बयान की आलोचना की और कहा कि वह एक अहंकारी राजा की तरह बोल रहे हैं और जिसने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है, उनको अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है।

पहले ही दिन सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। इस कारण लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित भी करना पड़ा।

नई शिक्षा नीति पर केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच जारी है टकराव

तमिलनाडु के सीएम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर किया पलटवार

छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है स्टालिन सरकारः प्रधान

दरअसल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान आरोप लगाया कि डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने शुरू में राज्य में पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना को लागू करने पर सहमति जताई थी, लेकिन बाद में अपने वादे से मुकर गई। डीएमके ने केंद्रीय मंत्री की टिप्पणी पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण संसद के निचले सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वे (डीएमके) बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।

तमिलनाडु को फंड न देकर धोखा दियाः स्टालिन

अपने सोशल मीडिया पोस्ट में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्र ने तमिलनाडु को फंड न देकर धोखा दिया है और तमिलनाडु के सांसदों को असभ्य कहा है। वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहकर झूठ बोला कि डीएमके सरकार ने (एनईपी पर हस्ताक्षर करने के लिए) सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि डीएमके ने कभी भी एनईपी या तीन-भाषा नीति पर सहमति नहीं जताई, हमने बस इतना कहा कि हम ऐसा नहीं कर सकते। तमिलनाडु में हमारे छात्रों को तीन भाषाएँ क्यों सीखनी चाहिए जबकि उत्तर भारत के छात्र केवल एक भाषा सीखते हैं,हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, अगर कोई छात्र हिंदी सीखना चाहता है, तो वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन यह अनिवार्य नहीं होना चाहिए। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जो खुद को अहंकार से बोलने वाला राजा समझते हैं, उन्हें अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए।

लोकसभा में राहुल गांधी ने की मांग

वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली है। वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने मामले में कहा कि हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है... अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं।

मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं- टीएमसी

इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद और बर्दवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में एक ही ईपीआईसी (चुनावी फोटो पहचान पत्र) संख्या वाले मतदाता मौजूद हैं। टीएमसी ने कहा कि तृणमूल का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची पर चिंताओं को उठाने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल रहा है। उन्होंने मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन की भी मांग की, खास तौर पर अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले।

आयोग जवाब देः सौगत रॉय

सौगत रॉय ने दावा किया, 'कुछ गंभीर खामियां हैं। महाराष्ट्र के मामले में यह बात कही गई है, जहां मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गई थी। हरियाणा में भी इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया। अब वे पश्चिम बंगाल और असम में भी घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। तृणमूल नेता ने कहा कि पूरी मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए कि सूचियों में कुछ गलतियां क्यों हुईं।

छापे के बाद बोले भूपेश बघेल

केस की पेनड्राइव, कुछ दस्तावेज और 33 लाख रुपए ले गई ईडी

एजेंसी ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी ने छापेमारी की। यह जांच करीब 10 घंटे तक चली। टीम के जाने के बाद बघेल ने कहा कि, 32-33 लाख रुपए और दस्तावेज टीम ले गई है। इसमें मंतूराम केस की पेनड्राइव भी है। करीब सुबह 8 बजे भूपेश और उनके बेटे चैतन्य के भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर चार गाड़ियों में ईडी की टीम पहुंची थी। दोपहर में कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई। इस बीच ईडी की कार पर बाहर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प भी हुई। अब कल कांग्रेस प्रदेशभर में ईडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा और ईडी का पुतला दहन करेगी। चैतन्य से जुड़े कई ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापे पड़े हैं।

दीक्षांत समारोह में पहुंची राष्ट्रपति

रोजगार पाने की बजाए रोजगार पैदा करने वाले बनें युवक : मुर्मु

एजेंसी ▶▶ हिसार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सोमवार को हरियाणा के हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने विद्यार्थी वर्ग से अग्राह किया है कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा।उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने खुशी जताई कि समारोह में डिग्री लेने वालों में बेटियों की संख्या ज्यादा है।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत, कहा

नौकरी पाने के लिए फर्जीवाड़ा करना बेहद ही गंभीर अपराध

राजस्थान हाईकोर्ट से मंजूर की जमानत रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक दुर्लभ कदम उठाते हुए, स्वतंत्रता समर्थक दो व्यक्तियों को राजस्थान उच्च न्यायालय की तरफ से मंजूर की गई जमानत रद्द कर दी। ये दो व्यक्तियों में से एक अभ्यर्थी और वह दूसरा वह व्यक्ति था जिसने सरकारी नौकरी में सेलेक्शन के लिए हुई परीक्षा में उसके स्थान पर पेपर दिया था। शीर्ष अदालत ने इस अपराध को प्रशासन और कार्यपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर करने वाला अपराध करार दिया। राजस्थान की अपील को स्वीकार करते हुए जस्टिस संजय करोल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि उन्हें पता है कि एक बार हाई कोर्ट से जमानत मिल जाने के बाद उसे सामान्य तौर पर खारिज नहीं किया जाता।

क्या था मामला?

सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के दौरान असली अभ्यर्थी इंद्राज सिंह की जगह डमी अभ्यर्थी सलमान खान ने परीक्षा दी थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया और निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उन्हें यह मानते हुए जमानत दे दी कि असली अभ्यर्थी का चयन नहीं हुआ, दोनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और जांच पूरी हो चुकी है।

भाजपा सांसद ने की मकबरे को हटाने की मांग

औरंगजेब का मकबरा हटे... यह हर एक व्यक्ति चाहता है

सीएम ने बता दिया कुछ अलग ही प्लान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुगल बादशाह औरंगजेब पर पूरे देश में सियासत गर्म है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब का मकबरा मौजूद है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सभी का मानना है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब का मकबरा हटा दिया जाना चाहिए। मगर यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस स्थल को एएसआई के संरक्षण में दे दिया था। छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज और सतारा से भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की समाधि को हटाने की मांग की थी। भोसले की मांग पर सीएम फडणवीस ने कहा कि हम सभी भी यही चाहते हैं।

आजमी के बयान से शुरू हुआ विवाद

औरंगजेब पर ताजा विवाद सपा के विधायक अबू आसिम आजमी के बयान से शुरू हुआ। आजमी ने औरंगजेब की खूब तारीफ की थी। उन्होंने दावा किया था कि औरंगजेब ने मंदिरों का निर्माण कराया था। वह कोई क्रूर बादशाह नहीं था। बाद में अबू आसिम आजमी को पिछले सप्ताह 26 मार्च को बजट सत्र के अंत तक महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। भाजपा नेता नवनीत राणा भी औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग कर चुकी हैं।

सुरक्षा के लिए गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंच गई चिट्ठी

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को कांग्रेस विधायक ने सबक सिखाने की दी धमकी,फिर सफाई दी

टीपू सुल्तान के दरबारी मीर सादिक से की तुलना

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के खुद को 'कर्नाटक के बजाय हैदराबाद से' बताने के मुद्दे ने सियासी रूप ले लिया है। कर्नाटक के सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक रवि कुमार गौड़ा (गनीगा) और कन्नड़ कार्यकर्ता टी.ए. नारायण गौड़ा ने इस पर जमकर निशाना साधा। हालांकि रवि कुमार गौड़ा ने अब अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि 'सबक सिखाउंगा' कहने का मेरा मतलब हमला करना नहीं था। मेरा मतलब था कि वो हमारी भूमि और भाषा का सम्मान करें। वहीं कोडवा राष्ट्रीय परिषद (सीएनसी) ने अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री से उनकी सुरक्षा की मांग की है। सीएनसी ने इसके लिए अमित शाह को पत्र भी लिखा है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि मेरा मतलब जीवन में सबक सिखाने से था।

कांग्रेस विधायक ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले फिल्म समारोह में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराने और खुद को हैदराबाद का निवासी बताने के लिए अभिनेत्री की आलोचना की थी

रश्मिका के लिए मांगी सुरक्षा

इधर कोडवा राष्ट्रीय परिषद ने भी अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से उनकी सुरक्षा की अपील की है। सीएनसी के अध्यक्ष एन.यू. नचप्पा ने शाह और परमेश्वर को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि रश्मिका को एक विधायक द्वारा धमकाया।

सीएनसी ने की सुरक्षा की मांग

कन्नड़ कार्यकर्ता ने रश्मिका को बताया मीर सादिक

वहीं, कर्नाटक रक्षणा वेदिके के संयोजक टीए नारायण गौड़ा ने भी कहा कि रश्मिका कोडागु से ताल्लुक रखती हैं और मूल रूप से कन्नडिगा हैं, लेकिन वह खुद को तेलुगु और आंध्र प्रदेश की बेटी बताती हैं। उन्होंने कहा, आप (रश्मिका) यहीं पली-बढ़ी हैं। अगर आप अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में मौका मिलने के बाद कन्नड़ राज्य को भूल जाती हैं, तो हमें लगता है कि आप किस तरह की 'मीर सादिक' हैं।

जबलपुर
मंगलवार, 11 मार्च 2025
- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-12
- वर्ष : 19, अंक : 306
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 15

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शाम को बाधित रहा एक्स सेवाएं ठप, यूजर्स परेशान

नई दिल्ली। माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' का सर्वर सोमवार शाम को दूसरी बार ठप पड़ गया। शाम सात बजे के आसपास यूजर्स को 'एक्स' पर पोस्ट करने और लॉगिन करने में दिक्कतें आईं। इससे पहले दोपहर में भी यह समस्या आई थी। शाम की आउटेज की वजह से उपयोगकर्ता 'एक्स' पर न तो कुछ पोस्ट कर पा रहे हैं और न ही किसी की पोस्ट को देख पा रहे हैं।

तनिष्क के शोरूम में फिल्मी स्टाइल में लूट, सारे स्टाफ को बंधक बनाया

आभूषण समेत 25 करोड़ पर मारा हाथ स्टाफ व ग्राहकों के मोबाइल भी ले गए

करीब 30 मिनट तक शोरूम के अंदर आतंक मचाते रहे लुटेरे

फरार अपराधियों की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया

एजेंसी ▶▶ आरा

भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। शहर के बीचों-बीच स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में दिनदहाड़े आठ से नौ की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने पूरी दुकान को लूट लिया। करीब 30 मिनट तक शोरूम के अंदर आतंक मचाते हुए लुटेरे एक-एक स्टॉल से ज्वेलरी समेटते रहे। घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे दो-दो की संख्या में अपराधी शोरूम के भीतर प्रवेश करते गए।

दो घंटे के अंदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई...

लुटेरों से मुठभेड़, तीन झोले में आभूषण बरामद

बिहार पुलिस एक्शन में है। आरा में तनिष्क शोरूम से लूट कांड के करीब दो घंटे बाद ही दो अपराधियों को पुलिस ने घेर लिया। घिरते देख अपराधियों ने फायरिंग की तो मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन झोले में ज्वेलरी बरामद हुई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार लूट को अंजाम देने के बाद अपराधी डोरीगंज के रास्ते छपरा की ओर भाग रहे थे। लूट के दो घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई कर बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटीपुल के पास उन्हें रोकने की कोशिश की। तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों में से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो अपराधी घायल हो गए। उनकी पहचान सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता (पिता भुनेश्वर प्रसाद) और सेमरा गांव, सोनोर के प्रदीप कुमार (पुत्र कुणाल कुमार) के रूप में हुई है।

पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में भी हुई थी करोड़ों की लूट

इससे पहले 26 जुलाई 2024 को पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में हुई बड़ी लूट ने भी राज्यभर में खलबली मचा दी थी। घटना दिन के करीब 12 बजे हुई थी, जब चार से छह की संख्या में अपराधी शोरूम में घुसे और हथियार के बल पर करोड़ों के जेवरात लूट लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक असंतुलित होकर गिर गई, लेकिन वह तुरंत संभलकर फरार हो गया। उसकी पिस्तौल भी सड़क पर गिर गई, जिसे एक ई-रिक्शा चालक मौके से उठाकर ले भागा। पुलिस इस मामले में दो से तीन करोड़ की लूट की बात कह रही थी, जबकि शोरूम कर्मियों ने करीब 20 करोड़ की लूट का दावा किया था।

खबर संक्षेप

पुरस्कार समारोह में नहीं थे पीसीबी प्रतिनिधि

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रतिनिधि को चैंपियंस ट्रॉफी के पुरस्कार समारोह में नहीं बुलाए जाने पर विवाद बढ़ गया है। पीसीबी आईसीसी से इस बात का विरोध दर्ज करेगा कि दुबई में समारोह के दौरान उसके सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद को अनदेखा किया गया। पीसीबी इस टूर्नामेंट का मेजबान था।,पीसीबी के एक सूत्र ने बताया है कि समारोह के दौरान अहमद को मंच पर नहीं बुलाए जाने के आईसीसी के स्पष्टीकरण से चेयरमैन मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं।

शूटिंग के दौरान ऋतिक के पैर में लगी चोट

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन घायल हो गए हैं। वॉर 2 की शूटिंग के सेट पर वो हादसे का शिकार हो गए। उनके पैर में चोट लगी है, जिस वजह से फिल्म की शूटिंग भी फिलहाल टल गई है। ऋतिक और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर 2' साल की मच-अवेटेड बॉलीवुड रिलीज में से एक है। प्रशंसक इस प्रोजेक्ट के बारे में किसी भी अपडेट का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

जेईई मेनः दूसरे सेशन का शेड्यूल जारी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन यानी जेईई मेन 2025 एग्जाम के दूसरे सेशन का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है, जो उम्मीदवार जेईई मेंस के दूसरे सेशन के एग्जाम में शामिल होने का मन बना रहे हैं वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरा एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं। जेईई मेन की परीक्षा 2 अप्रैल से शुरू होंगी।

जश्न को जंग में बदला : महू हिंसा मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन

जामा मस्जिद क्षेत्र को किया सील, अब तक 13 दबोचे गए, सब पर लगाया जाएगा एनएसए

प्रशासन ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। कलेक्टर ने कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू/इंदौर

महू में रविवार रात चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मना रहे लोगों और एक अन्य पक्ष के बीच हिंसा भड़क गई। जुलूस निकाल रहे लोगों और मस्जिद के पास मौजूद लोगों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे पर लोग पत्थरबाजी करने लगे। लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए वाहन छोड़कर मौके से भागे। इसके बाद उपद्रवियों ने गाड़ियों और दुकानों में आगजनी शुरू कर दी।

हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया। साथ ही जामा मस्जिद क्षेत्र को सील कर दिया। अभी मौके पर स्थिति सामान्य है। शहर में सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने वीडियो फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

चैंपियंस ट्रॉफी के जीत के जुलूस पर की गई मस्जिद से पत्थरबाजी

- घटना के विरोध में सोमवार को शहर की अधिकांश दुकानें बंद रहीं
- उपद्रवियों ने गाड़ियों और दुकानों में आगजनी कर दी थी
- पुलिस ने वीडियो फुटेज और गवाहों के बयान पर की कार्रवाई

रात में भीड़ ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया

वज्रवाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

दरअसल, भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हारकर खिताब जीता। इसके बाद महू शहर में रात के समय जीत का जश्न मनाने के लिए कई स्थानों पर जुलूस निकाले जा रहे थे। इसी दौरान जब एक जुलूस जामा मस्जिद के सामने से गुजरा, तो वहां पर मौजूद कुछ लोगों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों का विरोध किया।

'भारतमाता की जय' के नारे का पत्थर फेंककर विरोध

-नारों को लेकर हुए दोनों पक्षों के बीच विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और जल्द ही झड़प का रूप ले लिया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर पथराव करने लगे, जिससे इलाके में भगदड़ मच गई। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी, जिससे स्थिति और बेकाबू हो गई।

शहर के काजी ने हिंदू पक्ष पर लगाया आरोप...

नारेबाजी के साथ मस्जिद में फेंका गया सुतली बम

शहर के काजी मोहम्मद जाबिर ने कहा कि हिंदू पक्ष ने शुरुआत की थी। ये गलत बात है कि वह सिर्फ भारत माता के नारे लगा रहे थे, इसके अलावा और भी नारे लग रहे थे। काजी ने कहा कि एक सुतली बम मस्जिद में डाला गया। उसके बाद हंगामा हुआ। 10-15 मिनट हम लोगों को समझाते भी रहे। प्रशासन ने भी बात की लेकिन इसके बाद पीछे से पथराव होने लगा। काजी मोहम्मद जुबेर ने कहा कि मस्जिद पर सुतली बम फेंका था, इसलिए कोई मुसलमान मस्जिद छोड़कर नहीं गया। वह खुद सुबह 4बजे तक मस्जिद में रहे थे।

सीधी में दर्दनाक हादसा

टैंकर-जीप में भीषण टक्कर 9 लोगों की मौत, 12 घायल

सीएम ने किया मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए, गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि देने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

नेशनल हाईवे-39 पर सीधी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपनी गांव में टैंकर और जीप की टक्कर में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 12 घायलों में से 7 की हालत गंभीर है। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों में 6 बच्चे भी हैं।

■ मैहर मुंडन में जा रहे थे 22 लोग

गंभीर घायलों को रीवा मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है, बाकी को सीधी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तूफान जीप में 22 लोग सवार थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। डीएसपी गायत्री तिवारी ने बताया कि राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन संस्कार कराने मैहर के झोखो जा रहे थे

सीएम डॉ. यादव ने जताया दुख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने मृतकों को दो-दो लाख रुपए, गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि देने का ऐलान किया।

दुकान के बाहर रखे पटाखों में लगी आग

3 बच्चे और मालिक डरकर अंदर भागे, दम घुटने से पांच की मौत

एजेंसी ▶▶ गढ़वा (झारखंड)

झारखंड के गढ़वा जिले में पटाखे की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं। घटना रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बजार की है। यहां एक दुकान में अचानक लगी आग में झुलसने से और दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां सभी लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पटाखे दुकान के बाहर रखे हुए थे। जब उनमें आग लगी तो तीन बच्चों समेत पांच लोग भागकर दुकान के अंदर चले गए। पटाखों से बचने के लिए अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। ऐसे में दम घुटने से पांचों की मौत हो गई। मृतकों में दुकान संचालक 46 वर्षीय कुश कुमार, भंडरिया थाना क्षेत्र के नवका गांव के रहने वाले 32 वर्षीय अजित केशरी, 8 साल के नमन केशरी, गोदरमाना बजार के रहने वाले 7 साल के भोला केशरी और रंका थाना क्षेत्र के बूढ़ाप्रास गांव के रहने वाले 14 वर्षीय शुशीला केरकेटा शामिल हैं।

मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल

इस घटना पर दुख जाहिर करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा कि गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मृत्यु की दुःखद खबर मिली है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

रामा ग्रुप, सेनानी ग्रुप, मेहरोत्रा बिल्डकॉन ग्रुप सहित अन्य दो कारोबियों के ठिकानों पर आयकर छापे

200 करोड़ की टैक्स चोरी, जांच पांच शहरों के 44 ठिकानों पर हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग ने हाल ही में सतना, जबलपुर, जगदलपुर, रायपुर और दिल्ली में रामा ग्रुप, सेनानी ग्रुप और मेहरोत्रा बिल्डकॉन ग्रुप सहित अन्य दो कारोबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

इस मामले में सर्च पूरी होने और पांच दिन तक चली दस्तावेजों के जांच के बाद 200 करोड़ रुपए की अघोषित आय का खुलासा हुआ है। इस टैक्स चोरी की जांच पांच शहरों के 44 ठिकानों पर की गई थी। सतना सहित अन्य स्थानों पर पड़े छापे में पांच बड़े कारोबारी नरेश गोयल, सुनील सेनानी, अतुल मेहरोत्रा, संतोष गुप्ता और सीताराम अग्रवाल शामिल हैं।

कारोबारी नरेश गोयल, सुनील सेनानी, अतुल मेहरोत्रा, संतोष गुप्ता और सीताराम अग्रवाल कर रहे थे हेराफेरी

इधर, सौरभ अग्रवाल के ठिकाने पर आयकर का सर्वे

आयकर विभाग की टीम ने सोमवार को चूना भट्टी स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में टैक्स चोरी के मामले में एक कारोबारी के यहां आयकर का सर्वे शुरू किया है। टैक्स चोरी के मामले में जांच के दायरे में आए कारोबारी को गठजोड़ पूर्व मुख्य सचिव से बताया जा रहा है। आयकर टीम सर्वे में बरामद दस्तावेजों की जांच कर रही है। सोमवार को भोपाल में सौरभ अग्रवाल के यहां आयकर विभाग के अफसरों की टीम ने दबिश दी है।

श्योपुर में ईओडब्ल्यू की कार्रवाई

पीडब्ल्यूडी एसडीओ 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ईओडब्ल्यू की टीम ने श्योपुर जिले में सोमवार सुबह कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी विजयपुर के प्रभारी एसडीओ देवदत्त शर्मा को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। एसडीओ यह रिश्वत विभाग के ही एक ठेकेदार से बिल पास करने के बदले ले रहे थे।

बताया गया है कि ठेकेदार राजपाल धाकड़ और देवेंद्र धाकड़ ने विजयपुर स्थित रेस्ट हाउस की मरम्मत संबंधी 6 लाख रुपए का निर्माण कार्य किया था। जिसका बिल पास करने के एवज में एसडीओ के द्वारा 40 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी।

ठेकेदार से बिल पास करने के बदले ले मांगी थी 40 हजार की घूस

गोपनीय तरीके से ठेकेदार ने इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू ग्वालियर में की गई। इस शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए निरीक्षक शैलेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में ईओडब्ल्यू की टीम सोमवार की सुबह विजयपुर पहुंच गई।

इंदौर हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर किया बड़ा फैसला

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सुनाया फैसला

अभ्यर्थियों की 169.6 सेमी हाइट को माना जाए 170 सेंटीमीटर, हाइट राउंड फिगर में ही ली जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की हाइट को राउंड फिगर में लिया जाए।

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अरुण कलमोडिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसकी हाइट 169.6 सेमी थी।

असम राइफल्स में इस नियम का पालन किया गया था जहां 0.5 सेमी की हाइट की कमी को स्वीकार किया गया था

केंद्र सरकार की दलील और हाई कोर्ट का फैसला

केंद्र सरकार ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आवेदक का आवेदन पहले ही खारिज किया जा चुका है और यदि वह अन्य चरणों को पास कर लेता तो हाइट के मुद्दे पर विचार किया जा सकता था। हालांकि, हाई कोर्ट ने सरकार के तर्क को खारिज करते हुए साफ किया कि भर्ती प्रक्रिया में हाइट को राउंड फिगर में लिया जाना चाहिए।

भर्ती प्रक्रिया में बदलाव से लाखों अभ्यर्थियों को फायदा

हाई कोर्ट के इस आदेश से उन हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें मामूली हाइट की कमी के कारण भर्ती प्रक्रिया में अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। अब सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भर्ती में 0.5 सेमी तक की हाइट की कमी को राउंड फिगर में मानकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का यह फैसला उन उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी राहत है जो मामूली हाइट की कमी के कारण अपनी योग्यता साबित नहीं कर पाते।

एनर्जी इन्वेस्टर समिट कार्यक्रम में कई प्रमुख कंपनियों ने किए एमओयू साइन

छग: तीन लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एनर्जी इन्वेस्टर समिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुए। यह समिट सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ। जिसमें ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के साथ कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समिट में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा। बल्कि, आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बने, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ पहले से ही 30,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो देश के औसत से ज्यादा है। अब हर व्यक्ति को 2048 किलोवाट-घंटे बिजली मिल रही है, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80,000 करोड़ रुपये की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी। थर्मल पावर क्षेत्र में भी बड़े निवेश की घोषणा हुई है।

अदानी 66 हजार 720 करोड़ करेगा खर्च

अदानी पावर 66,720 करोड़ रुपये खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पावर प्लांट लगाएगा। जिंदल पावर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपये लगाएगी। इसके अलावा, सरकारी कंपनियां एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ रुपये की लागत से 4500 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी।

प्रमुख निवेश और योजनाएं

- . परमाणु ऊर्जाः साफ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के लिए 80,000 करोड़ का निवेश।
- ताप विद्युतः राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़।
- सौर ऊर्जाः सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़।
- पीएम कुसुम योजनाः किसानों के बीच सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 4,100 करोड़।
- . पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं (**PSP**): ग्रिड स्थिरता के लिए ऊर्जा भंडारण में 57,046 करोड़।
- . क्रेडा सौर पहलः सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़।
- पीएम सूर्य योजनाः राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़।
- सरकारी भवनों में सौर ऊर्जाः सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़।
- बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (**BESS**): ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़।
- . पावर ट्रांसमिशन नेटवर्कः बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़।
- . **RDSS** (वितरण क्षेत्र योजना): वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़।

जनजातीय विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की नि:शुल्क कोचिंग शुरू होगी

झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना का होगा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने की नीति में बदलाव किया गया है। इसमें सबसे पहले जनजातीय बहुल अंचल में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना के परीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने झाबुआ में कालका मंदिर से एम-2 होटल तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ओंकारेश्वर से होते हुए झाबुआ पहुंचे थे। वहां वे भगोरिया व अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री का महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जनजातीय अंचल की झुलड़ी एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही प्रतीक तीर-कमान भेंट कर अभिनन्दन किया।

झाबुआ में भगोरिया पर्व में शामिल होकर सीएम ने लिया आनंद

ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए। इसमें 250 से अधिक ढोल-मांदल की टोलियां शामिल हुईं। ये सभी सांस्कृतिक नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर ढोल-मांदल लिए नृत्य करते हुए दलों के साथ भगोरिया की मस्ती में झूम उठे। उन्होंने भील महासम्मेलन का भारत माता, क्रांतिसूर्य टंट्या भील, राणा पुंजा एवं शबरी माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ किया।

सीएम का तीर-कमान एवं कुलदेवी की टोकरी भेंट कर किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को पानसेमल के पारंपरिक लोक उत्सव भगोरिया हाट में कहा कि जनजातीय संस्कृति में भगोरिया का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार और संस्कृति हमारी परम्परा को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री ने जनजातीय वेशभूषा पहनकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष रूप से सजी हुई गाड़ी में भगोरिया मेले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने सभी को भगोरिया एवं होली की शुभकामनाएं दी। भगोरिया हाट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनप्रतिनिधियों ने तीर-कमान एवं कुलदेवी की टोकरी भेंट कर अभिनंदन किया।मुख्यमंत्री ने उनके स्वागत में आए स्थानीय ढोल-मांदल बजाने वाले समूहो की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समूह को 5-5 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

राज्यपाल व सांसद ने अंगदान जनजागृति कार रैली को हरी झंडी दिखा किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ऑर्गन डोनेशन कार रैली को हरी झंडी दिखाकर राजभवन से रवाना किया। रैली का आयोजन जीएमसी एल्यूमनी एसोसिएशन और किरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

राज्यपाल ने राजभवन में अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने राजभवन के गेट नंबर एक से वाहन रैली को रवाना किया। उन्होंने देहदानी डॉ. एसआर मोघे, देहदानी, नेत्रदानी मीरा गोहिया, नेत्रदानी गणेश कुमार पटेल, नेत्रदानी, देहदानी राम कृपाल सिंह, नेत्रदानी आशा देवी लोकवानी, नेत्रदानी चंद्र भूषण सिंह और नेत्रदानी, देहदानी राधेश्याम पटेल के परिजनों को सम्मानित किया।

सोम ग्रुप ने तीन समूह की 67 दुकान खरीदी

ई-टेंडर की नीलामी से आबकारी को हुआ सीधा 100 करोड़ का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भोपाल जिले की 4 समूहों में बंटी 87 शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया रविवार सुबह खत्म हो गई है। इसमें इसमें समूह 1, 2 और 4 की दुकानों का ठेका सोम ग्रुप की कंपनियों ने हासिल किया है। वहीं, एक अन्य समूह- 3 का ठेका लल्ला शिवहरे गुरप ने लिया है।

इधर, जिले के शराब कारोबार में सोम ग्रुप का वर्चस्व बढ़ गया है। उसके पास 62 दुकानों के ठेके हैं, जबकि लल्ला ग्रुप के पास सिर्फ 27 दुकानें रहेगी। इधर, छोटे ठेकेदार जिले से बाहर हो गए हैं। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल के मुताबिक, 4 समूहों की शराब दुकानों की रिजर्व प्राइस 1073.72 करोड़ रुपए रखी गई थी। ई-टेंडर और नीलामी के जरिए ये ठेके 1193.28 करोड़ रुपए में गए हैं, जो रिजर्व प्राइस से 11.35 प्रतिशत अधिक है। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के निर्धारित वार्षिक मूल्य से 297 करोड़ (33.36 प्रतिशत) अधिक है। उन्होंने बताया कि जिले का संपूर्ण निष्पादन होने से आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, भोपाल, उपायुक्त आबकारी यशवंत धनौरा का विशेष मार्गदर्शन से ही अधिकतम राजस्व प्राप्त हुआ है।

कौन सा ठेका, किसके पास ?

- बीपीएल-1 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी केंटेबरी टेडर्स ने 303.17 करोड़ यानी आरपी से 1.55 प्रतिशत अधिक पर ई टेंडर के जरिए लिया है। समूह में 19 दुकानें शामिल है।
- बीपीएल-2 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी रिचमोंडशाइन ट्रेडर्स ने नीलामी में आरपी 295.41 करोड़ के तुलना में 352.18 करोड़ (19.21 प्रतिशत) ज्यादा में लिया। इसमें 16 दुकानें शामिल हैं।
- बीपीएल-3 समूह का ठेका फर्म रिपोर ने नीलामी में आरपी 264.53 करोड़ की तुलना में 321.28 करोड़ (21.45 प्रतिशत ज्यादा) में लिया। इस समूह में 25 दुकानें शामिल हैं।
- बीपीएल- 4 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी साउथवर्क टेडर्स ने ई-टेंडर के जरिए आरपी 211.92 करोड़ के मुकाबले 210.60 करोड़ (0.62 प्रतिशत ज्यादा) में लिया है। इस समूह में 27 दुकानें शामिल हैं।

दुकानें नीलाम

चार समूह की सभी 87 दुकानें ई-टेंडर और नीलामी में बिक गई हैं। अब कोई भी दुकान का निष्पादन शेष नहीं है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के जिले के शराब ठेके आरक्षित मूल्य से 11.13 प्रतिशत अधिक में गए हैं। यह वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित वार्षिक मूल्य से 33.36 प्रतिशत (लगभग रुपए 297 करोड़) अधिक रहा।

दीपम रायचुरा, सहायक आबकारी आयुक्त, भोपाल

भोपाल के भदभदा रोड स्थित कृषि प्रशिक्षण केंद्र में प्रांत अभ्यास वर्ग

डॉ. राजेश शर्मा आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरोग्य भारती मध्य भारत प्रान्त के प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन भोपाल के राज्य कृषि विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, भदभदा रोड भोपाल में किया गया।

प्रांतीय अभ्यास वर्ग में मध्यभारत प्रान्त के 20 से अधिक जिलों से कार्यकर्ताओं व पाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रान्त की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सर्जन व नर्मदा अस्पताल समूह के प्रमुख डॉ. राजेश शर्मा को सर्वसम्मति से मध्यभारत प्रान्त का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. राजेश शर्मा एक ऑर्थोपेडिक व स्पाइन सर्जन है एवं रोड व हाई वेलोसिटी ट्रॉमा के विशेषज्ञ हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों से अधिक समय से मध्यभारत में अपने चिकित्सा संस्थानो के माध्यम से सेवा में रत हैं।

अनेक सत्र हुए आयोजित

डॉ. शर्मा के सनातनी स्वास्थ्य चिंतन के मॉडर्न मेडिसिन के परिपेक्ष्य में चिंतन पर गहन अध्ययन व कार्य को ध्यान में रखकर अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। अभ्यास वर्ग में अनेक सत्रों का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र को आरोग्य भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव डॉ. मुरली कृष्ण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रान्त के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी, पालक अधिकारी जगमीत सिंह नामधारी और मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने संबोधित किया।

किसान न्याय योद्धा अभियान शुरू

भोपाल। कांग्रेस ने प्रदेश भर में किसान न्याय योद्धा अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि किसानों के हक की लड़ाई लड़ने गांव-गांव में योद्धा बनाए जाएंगे। हर जिले में 1000 किसान न्याय योद्धा बनने पर किसान न्याय यात्रा निकली जाएगी। किसान न्याय योद्धा को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इस अभियान को मजबूती देने प्रदेश में समिति बनाई गई है। इसका संयोजक राहुल राज, राम मनोहर बरुआ और कुलदीप पटेल को बनाया गया है।

टांडा और गंधवानी पहुंचे चौधरी, पटवारी और सिंघार

कांग्रेस नेताओं ने ढोल-मांदल की थाप पर नृत्य कर मनाया भगोरिया पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कमलेश्वर पटेल, विधायक सचिन यादव, अरुण यादव आदि रविवार को धार जिले के टांडा और गंधवानी के भगोरिया पर्व में शामिल हुए। इन्होंने भगोरिया पर शामिल हुई ढोल मंडल की प्रत्येक टीमों को 500 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ढोल मंडल की प्रत्येक टीमों को 500 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया

तीर-कमान भेंट कर कांग्रेस पदाधिकारियों का किया सम्मान

कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी जीतू पटवारी कमलेश्वर पटेल सचिन यादव योर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह अरुण यादव को तीर-कमान भेंट करके इनका सम्मान किया गया। इसके बाद सभी नेता हेलीकॉप्टर के माध्यम से गंधवानी पहुंचे जहां पर इन्होंने भगोरिया पर्व पर नृत्य और ढोल बंडल की टीमों को प्रस्तुत किया गंधवानी में जीतू पटवारी ने मंच पर जमकर ढोल बजाया।

होली पर्व के मौके पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा देर रात तक चल रही चैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में पुलिस होली को लेकर अलर्ट मोड पर है। देर रात तक चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर देर रात जिले के कई जगहों पर नाकाबंदी कर अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने, अवैध शराब और नशीली चीजों की तस्करी और बाकी गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना था।

पुलिस ने जिले के अंबेडकर चौक बलौदाबाजार, नाका नंबर 01 भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, हडहापारा चौक कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, वीर नारायणपुर मोड चौक सोनाखान, खरतोरा नाका थाना पलारी और सुहेला तिगड्डा में नाकाबंदी कर जांच की। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 14 लोगों को पकड़ा गया, जिनके वाहन जब्त कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में 333 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने रात में आने-जाने वाले वाहनों और यात्रियों की गहन जांच की। उनसे देर रात बाहर निकलने के कारण पूछे और सुरक्षा सुनिश्चित की। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में कारगर साबित हुआ।

सड़क किनारे पड़े मिले गोवंश के मांस के टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा मार्ग में बड़ी मात्रा में सड़क किनारे गायों के मांस बोरियों में भरे मिले। आशंका जताई जा रही है कि, गाय मांस की तस्करी की जा रही थी लेकिन किसी कारण से तस्करों ने इन्हें सड़क पर फेंक दिया। जब गौ सेवकों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने गायों के मांसों को एकत्रित किया और सिमगा पुलिस को सौंपा। उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उल्लेखनीय है कि, सिमगा क्षेत्र कबीर साहेब के अनुयायियों का प्रमुख केंद्र है। यहां दामाखेड़ा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त आते हैं और बड़े मेले का आयोजन किया जाता है। आस्था को ठेस पहुंचाने से लोग आक्रोशित हैं और उन्होंने मांस बिक्री कर गौवंश की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कुछ दिनों पहले ही जिला प्रशासन ने विशेष पहल करते हुए हड्डी गोदाम को सील करवाया था। इसके बाद फिर से यहां पर गायों के मांस के अवशेष मिले हैं।

बलौदाबाजार के ग्राम बनसांकरा मार्ग की घटना, हिन्दू संगठनों में आक्रोश

सीएम ने ट्वीट किया, नक्सलवाद के कुचक्र में फंसे लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे

18 लाख के तीन नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार हो रहे एनकाउंटर से नक्सलियों के पैर उखड़े हुए हैं। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मार्च 2026 तक नक्सलियों का खात्मा करने के संकल्प लेने की वजह से नक्सली भयभीत हैं। ऐसे में वो मुख्यधारा में शामिल राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठा रहे हैं।

इसी क्रम में गरियाबंद जिले में 18 लाख के तीन इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है। छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर गरियाबंद जिले में 18 लाख के इनामी 3 नक्सलियों ने आत्मसर्मपण किया है। इन तीन नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसर्मपण किया है। इस मामले में प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर गरियाबंद जिले में 18 लाख के इनामी 3 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के कुचक्र में फंसे लोग अब पुनः समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जो स्वागतेय है। हमारी सरकार इन लोगों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाने का प्रकरण

सात दिन में नए सिरे से शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

कलेक्टर के शपथ पत्र से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ

ऐसा न करने पर व्यक्तिगत रूप से होना पड़ेगा हाजिर

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर को सात दिन में नए सिरे से शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि ऐसा न किए जाने पर व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने को तैयार रहें। कोर्ट ने साफ किया कि याचिकाकर्ता ने मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम में निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाए जाने का मुद्दा उठाकर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग को उजागर किया है। कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में कलेक्टर जबलपुर की ओर से प्रस्तुत शपथ पत्र संतोषजनक नहीं पाया गया। इसलिए उन्हें एक अवसर और दिया जा रहा है। इसके जरिए वे साफ करें कि प्रश्नगत कार्यक्रम नगर निगम का कैसे था। इसके अलावा नगर निगम को सार्वजनिक धन को विनियोजित करने और अधिग्रहित बसों में डीजल भरने की क्या आवश्यकता थी। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। जबलपुर निवासी सुगम चंद्र जैन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री का सम्मान कार्यक्रम तीन जनवरी को जबलपुर में किया गया था। सम्मान समारोह के लिए अधिग्रहित बसों में आईएसबीटी बस स्टैंड के समीप स्थित पेट्रोल पंप से डीजर

भरवाया गया था। अधिग्रहित बसों में डीजल भरने के लिए नगर निगमायुक्त ने खाद्य अधिकारी को व्यक्तिगत से भेजा था। अधिग्रहित बसों में लगभग छह लाख रुपये का डीजल भरा गया था। निगमायुक्त के द्वारा बताया गया कि संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी के कार्यालय की ओर से बसों में डीजल भरवाने कहा गया था। अगस्त, 2024 में बिल भुगतान के लिए संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी व निगमायुक्त से संपर्क किया। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से निगमायुक्त को राशि भुगतान करने के संबंध में लिखित निर्देश दिए गए थे।

हाई कोर्ट ने बिजली कंपनी को तृतीय उच्च वेतनमान के निर्देश दिए

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को कहा कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त कर्मी को तृतीय उच्च वेतनमान प्रदान किया जाए।जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिए।जबलपुर निवासी रामसिंह राठौर की ओर से अधिवक्ता डा.एकनाथ ज्योतिषी व कल्पना ज्योतिषी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को सेवानिवृत्ति के बाद तृतीय उच्च वेतनमान का लाभ चाहिए। विभाग का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद यह लाभ नहीं दिया जा सकता। याचिकाकर्ता वाहन चालक के पद से सितंबर, 2017 में सेवानिवृत्त हुआ था। कंपनी द्वारा दिसंबर, 2015 से तृतीय उच्च वेतनमान 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिए जाने का आदेश जारी किया गया था। याचिकाकर्ता ने फरवरी, 1984 से नवंबर, 1988 तक कार्यभारित वाहन चालक के पद पर कार्य किया। इस अवधि को विद्युत मंडल के आदेश के अंतर्गत नियमित सेवा में जोड़ने की व्यवस्था दी गई थी। इस तरह याचिकाकर्ता 2014 में ही 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुका था। इसलिए उच्च वेतनमान का अधिकारी है।

आयुर्वेद महाविद्यालय में हुआ 450 बच्चों का स्वर्ण प्राशन

जबलपुर। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गौरीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सोमवार को 16 वर्ष की आयु तक के 450 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. एल. एल. अहिरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में शिशु एवं बालरोग विभाग की चिकित्सक डॉ गीता पांडे द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण बिंदु पिलाया गया। स्वर्ण बिंदु का निर्माण गौ घृत एवं शहद के मिश्रण से किया जाता है, जिसकी प्रत्येक बूंद में 1.6 ग्राम स्वर्ण भस्म की मात्रा होती है। डॉ अहिरवाल ने स्वर्ण बिंदु से मिलने वाले फायदों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों के वर्ण को निखारता है और उनकी हाइट, हेल्थ एवं पाचन क्रिया के लिए भी लाभदायक होता है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है तथा कमजोर याददाश्त एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बच्चों पर भी इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। महाविद्यालय में स्वर्ण प्रश्न कार्यक्रम वर्ष 2014 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

टेलीकाम भूमि के व्यवसायिक उपयोग की मांग गलत

ग्रीन बेल्ट में शामिल कर ईकोलॉजी पर बनाए जाने की मांग

जबलपुर। टेलीकाम फैक्ट्री की भूमि को कमर्शियल उपयोग करने की मांग को गलत बताते हुये नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिश्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर संघ ने इस भूमि पर लगे 20 हजार पेड़ों को तथा कमर्शियल उपयोग में लाने का घोर विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि महाकौश उद्योग संघ ने 8 मार्च को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से मांग उठाई थी कि टेलीकाम फैक्ट्री के भूमि पर सेमी कन्डक्टर, उर्वरक कारखाना या डिफेन्स कलस्टर की मदर इंडस्ट्री निर्मित की जाए। इसके पूर्व में भी एक और संस्था ने इस भूमि पर सेमी कंडक्टर फैक्ट्री बनाने की मांग की थी। डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि इस भूमि के मौजा हिनौतिया, सुभाष नगर सुनारवाड़ी के खसरा नम्बर 281 आदि से नजदीकी अनेको खसरों को पूर्व में ही वर्ष 2021 के जबलपुर के मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट एरिया घोषित किया गया है. अब इसका विस्तार कर टेलीकाम फैक्ट्री की भूमि को नये मास्टर प्लान के ग्रीन बेल्ट में शामिल विस्तार कर टेलीकाम फैक्ट्री की भूमि नये मास्टर प्लान के ग्रीन बेल्ट में शामिल होना चाहिये. ऐसा आवेदन टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग को भेजा गया है।माननीय हाईकोर्ट ने भी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को इस आवेदन को विचारार्थ लेने के निर्देश जारी किये हैं. इसे मद्देनजर इस भूमि को मास्टर प्लान के ग्रीन बेल्ट के तहत शामिल कर वहां ईकोलाजी पार्क बनाना उचित होगा. इसी से जबलपुर का ऑक्सीजन टैंक तथा वहां के 20 हजार पेड़ बरकरार रहेंगे।बैठक में रजत भार्गव, टीके राय घटक, सुभाष चंद्रा, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, संतोष चौरसिया, एड वेदप्रकाश अधौलिया, जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे आदि उपस्थित थे।

नर्मदा नदी में जल सत्याग्रह, पेंशनर्स की 5 सूत्रीय मांगें उठाईं

जबलपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और कार्यवाहक प्रगत अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया के नेतृत्व में आज जिले के विभिन्न विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों ने नर्मदा नदी में जल सत्याग्रह किया। इस कार्यक्रम में पदाधिकारी सुबह 11 बजे से 12 बजे तक नर्मदा के जल में खड़े होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और मध्यप्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पेंशनर्स के अधिकारों के लिए 5 प्रमुख मांगें रखीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पांडे, एम.एल. चौकसे, विजय चौकसे, आर.पी. चौथे, आर.के. श्रीवास्तव, बी.एस.पी. गीर, सी.एल. दोहरे, ए.के. शुक्ला, गोपाल प्रसाद विश्वकर्मा, एस.पी. शुक्ला, एस.के. खरे, सतीश राय, डा. एस.बी. सिंह, जी.पी. सरावे, सी.बी. दुबे, राधारमण तिवारी सहित सैकड़ों पेंशनर्स ने इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में उरमलिया ने नर्मदा का पूजन-अर्चन किया और प्रसाद वितरित किया। प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य

पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को पेंशनर्स के हित में समाप्त किया जाए। केंद्र के समान राज्य के पेंशनर्स को भी देय तिथि से मंहगाई राहत का भुगतान किया जाए। वर्तमान में 3 प्रतिशत मंहगाई राहत जुलाई 2024 से लंबित है, इसे एरियर के साथ शीघ्र जारी किया जाए।

नगर निगम के जोन कार्यालय गढ़ा में भीषण आग

कार्यालय का रिकॉर्ड हुआ जलकर खाक

हरिभूमि जबलपुर। नगर निगम कार्यालय के जोन गढ़ा कार्यालय भीषण आग की चपेट में आ जाने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। गढ़ा बजरिया स्थित जोन कार्यालय में अचानक आग लगने पूरा क्षेत्र दहशत में आ गया। आग इतनी भीषण थी की देखते ही देखते उसने उग्र रूप ले लिया. खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मियों द्वारा आग बुझाने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा. उल्लेखनीय है कि नगर निगम के जोन कार्यालय गढ़ा में अचानक आग लगने से आम जन चौक गया घटना लगभग 10 बजे की बताई जा रहीं है. आग लगने के बाद कार्यालय में रखी फ़ाइल और रिकार्ड धू धू कर जलने लगे जिससे आग की लपटे और तेज हो गई.आग को काबू करने पहुंची दमकल की टीम को भी भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा.आग बुझाने के दौरान फायर बिग्रेड की आठ गाडियां लग गई तब कही जाकर आग पर काबू पाया जा सका, आग की खबर सुनकर मौक़े पर निगमायुक्त प्रीति यादव के साथ अन्य अधिकारियो भी पहुंच गए।

समाजसेवी महिलाओं को सशक्त नारी सम्मान मिला

मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने किया कार्यक्रम

जबलपुर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने अपने कार्यालय में सामाजिक संस्थाओं की महिलाओं को सम्मानित किया, ये महिलायें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि पर कार्य कर रही हैं। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा और सामाजिक योगदान को सम्मान देना था, मयूर मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक गोविंद बिसेन ने कहा ये महिलाएं हमारे समाज की सच्ची शक्ति हैं इनकी मेहनत और समर्पण से हमारा समाज और भी मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुशील सिंह उरेती उपस्थित रहे। सम्मानित महिलाओं में भूमिका दुबे, आशा जायसवाल, ज्योति गौटिया, सारिका सिंह, विनीता कुशवाह, प्रीति ठाकुर, नीलम मानेकर, ऋचा सैनी, रिया ओबेराय, ख़ुशी पटेल, वर्षा गायकवाड़, सोनिया, श्रद्धा मलिक, श्रीजा बघेल, शुभा मिश्रा आदि रहीं जो कि अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट काम कर रही हैं, उन्हें सम्मानित करते हुए मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने इनकी प्रतिभा और सामाजिक योगदान को सराहा है। ट्रस्ट ने सामाजिक कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने का वादा किया है,

आदिवासी की जमीन नियम विरुद्ध हस्तांतरित करने व बेचने की शिकायत पर करें कार्रवाई

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर कलेक्टर को दिए निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने आदिवासी की जमीन नियमविरुद्ध तरीके से हस्तांतरित करने और बेचने की शिकायत पर विधि अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने जबलपुर कलेक्टर को सभी संबंधित पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देकर कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा है। जनहित याचिकाकर्ता जन संघर्ष मोर्चा जबलपुर के उपाध्यक्ष अभिलाष पटैल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी व अधिवक्ता दिव्यानी चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गौरीघाट के जिलहरी घाट स्थित खसरा क्रमांक 85 की जमीन झाईलाल गौंड के नाम पर दर्ज थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि झाईलाल की मृत्यु हो गई है। उसने अपने जीवनकाल में कभी भी कोई रजिस्टर्ड डीड नहीं की। इसके बावजूद तहसीलदार व एसडीएम की मिलीभगत से यह जमीन मोहित नायक, राजेश अशरानी व अन्य को बेच दी गई। नियमानुसार किसी भी आदिवासी की जमीन कलेक्टर की अनुमति बिना या रजिस्टर्ड डीड के बिना हस्तांतरित नहीं की जा सकती। इस संबंध में मोर्चा ने शिकायत की थी। एसडीएम ने 30 अप्रैल, 2023 को यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि वह प्रभावित पक्ष नहीं है। जनहित याचिका में मांग की गई कि आदिवासी की जमीन को खुर्दबुर्द करने वाले तहसीलदार, एसडीएम व अन्य राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। यह मांग भी की गई कि उक्त संपत्ति के विक्रय को निरस्त कर सरकार अपने अधीन ले। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद महत्वपूर्ण निर्देश जारी कर दिए।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आज

जबलपुर। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी (2025-26) हेतु मनोनीत राष्ट्रीय पदाधिकारी देवेंद्र कांसल राष्ट्रीय अध्यक्ष, विनय जैन राष्ट्रीय महासचिव, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का सम्मान समारोह मंगलवार 11 मार्च 2025, सायं 7.30 बजे, डी.एन. जैन स्कूल परिसर, गोलबाजार जबलपुर में आयोजित है, जिसमें विशिष्ट अतिथि कैलाशचंद जैन अध्यक्ष - दि. जैन पंचायत सभा जबलपुर, सतेन्द्र जैन 'जुग्गू' अध्यक्ष डी.एन. जैन बोर्डिंग हाउस सोसायटी, अभिषेक विनायका कांफ्रेंस सेक्रेटरी अधिवेशन होंगे। महाकौशल विंध्य रीजन के अध्यक्ष प्रदीप- ममता जैन, सचिव साधना-दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष हेमन्त-सपना जैन एवं जबलपुर के समस्त जैन सोशल ग्रुपों ने समस्त सोशल ग्रुप सदस्यों से सक्रिय सहभागिता करने एवं सभी जैन मंदिर समितियों से उपस्थिति की अपील की है। अतिथिगण दोपहिया वाहन रैली के साथ रानीताल स्टेडियम से सायं 7 बजे डी.एन. जैन परिसर के लिए रवाना होंगे।

महिला दिवस पर लगाया पर्यटन संरक्षण मेला

400 महिलाओं के कौशल को प्रदर्शित करते सामानों के 25 स्टॉल लगाए गए

जबलपुर। महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जेएटीसीसी, ऑरेंज अम्ब्रेला महिला संघ एवं बायपास संस्थान द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत महिला सम्मेलन और मेले का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षित लगभग 400 महिलाओं ने भागीदारी की। मेले में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा मोमोस, साउथ इंडियन और नार्थ-इंडियन नाश्ते, बेकरी आयटम, फ्रूट सलाद, चाट-फुलकी, बच्चों के खिलौने, कपड़े के बैग, मेहंदी, बुटीक के सामान, मनिहारी और सजावटी सामान आदि के 25 स्टॉल लगाए गए। गाइड विधा में प्रशिक्षित लड़कियों द्वारा भेड़ाघाट और जबलपुर के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई। पंजीयन और स्टॉल आदि की व्यवस्था फ्रन्ट ऑफिस विधा में प्रशिक्षित युवतियों ने संभाली। जहां एक ओर महिलाओं ने खाने-पीने की चीजों का आनंद लिया वहीं दूसरी ओर मेहंदी स्टॉल पर भी महिलाओं की अच्छी भीड़ रही। बच्चों

के खिलौने, बैग, कपड़े, मनिहारी और सजावटी सामान की भी बिक्री महिलाओं ने की। महिलाओं ने खेलकूद और गाने की कला का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ गुलाल खेलकर किया गया।

यूथ हॉस्टल प्रांगण में सम्पन्न इस मेले में पधारे विधायक अभिलाष पांडे ने शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलने पर बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिसका लाभ अब मैदानी स्तर पर भी दिख रहा है। उन्होंने महिलाओं को क्लब और समूह बनाकर शासन की योजनाओं से जुडने के लिए प्रेरित किया और स्टार्टअप और टेक्सटाइल सेक्टर में आने पर प्रकार की मदद देने का आश्वासन दिया।

बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है अब बारी है बराबरी में साथ आने की। महिलाओं की पुरुषों के साथ कोई मुकाबला नहीं है बल्कि सहभागिता है। कार्यक्रम में नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, डॉ. नंदिता पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, जेएटीसीसी जिला समन्वयक दीप्ति ठाकुर, रूपा राव जबलपुर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष, स्वाती सिंह उपाध्यक्ष जबलपुर भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी और अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का सफलआयोजन हेमंत सिंह सीईओ जेएटीसीसी के मार्गदर्शन में हुआ। अतिथियों ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया और खरीददारी की तथा मेले का आनंद उठाया। कार्यक्रम में परियोजना अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने वाली महिला ताइक्वांडो प्रशिक्षकों को सम्मान पत्र भी प्रदान किये गए। प्रकाश राय एवं आनंदिता ठाकुर आभार प्रदर्शन बाईपास संस्था के विवेक दीक्षित के द्वारा किया गया।

जनभागीदारी समिति की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आयोजित

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की आशा का केंद्र है शासकीय महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक का आयोजन विधायक संतोष बरकड़े के मुख्य आतिथ्य एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर की अध्यक्षता में किया गया। समिति की बैठक में मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि सिहोरा महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की उम्मीदों का केंद्र है। इस महाविद्यालय के विकास और उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष ने नए विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने और खेलकूद सुविधाओं के विकास का संकल्प समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

समिति ने किए अनेक प्रस्ताव पास

जनभागीदारी समिति ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रस्ताव स्वीकृत किये। बैठक में महाविद्यालय के सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान विकसित करने,स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, अतिरिक्त अध्ययन कक्ष निर्माण,एम.कॉम.नए विषयों में एम ए एवं एम एससी विषय प्रारम्भ करने, कंप्यूटर सेंटर हेतु भवन निर्माण के प्रस्तावों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।समिति ने सर्वसम्मति से जनभागीदारी अतिथि विद्वानों, अंशकालीन कर्मियों, आमंत्रित व्याख्याताओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि को स्वीकृति प्रदान की।

इनकी रही उपस्थिति

बैठक में श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, पार्षद श्रीमती रीता शुक्ला, अभिषेक परौहा, माधव मिश्रा, शिशिर पांडे, पुष्पराज सिंह बघेल, अमित गर्ग, विनोद खत्री, अनुपम सराफ, सुश्री राशि असाटी, छत्रपाल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट के कर्मचारियों ने कराया रोज़ा अफ्तार

हरिभूमि जबलपुर।

मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र हाईकोर्ट में कार्यरत मुस्लिम अधिकारियों व कर्मचारियों ने कचहरी वाले बाबा की दरगाह में रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया। रोजा अफ्तार में इकबाल कमाल, रोशन चौहान, कुदरत खान, बाबर मिर्जा, मंजूर अंसारी, हाजी मुईन खान, तजम्मुल खान, हशमत हुसैन, सफदर अली, मोहसिन क़ुरैशी, मो. शहरयार, ताबिश खान, आसिफ खान, नदीम अहमद, एड.मो. अली, एसडी खान, शाहिद खान, डॉ. मुईन अंसारी, फैजान क़ुरैशी, अशफाक आरिफ सहित सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा कर देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की।

मुस्लिम विकास परिषद ने कराया दूसरा रोज़ा अफ्तार, तीसरा अफ्तार शीघ्र

मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र मुस्लिम विकास परिषद द्वारा चार खम्बा स्थित बारात घर में द्वितीय रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। तीसरा रोजा अफ्तार श्रीध ही आयोजित किया जायेगा। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष शायर शेख निजामी के संयोजन में तथा जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, मतीन अंसारी, एसके मुद्दीन, प्यारे साहब, डॉ. मुस्तकीम रजा की अतिथि में आयोजित द्वितीय अफ्तार में सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा कर देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की।
रोजा अफ्तार में मुस्लिम विकास परिषद के मामूर गुड्डू, एड. अकबर उस्मानी, अशफाक आरिफ, गुलाम साबरी, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, मिर्जा जावेद, जावेद राइन, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, इकबाल चांद खां, अशरफ कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, गुलाम किबरिया, अलीम मंसूरी, एड. निसार अंसारी, अहमद रजा, इस्लाम अली, नोशाद खलीफा, बब्लू कुरैशी, शेख निजामी, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मुख्तार अंसारी, मुजीब अंसारी, मुनीर अंसारी, निसार मंसूरी, सोहेल खान, असीम राजा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

थाना और एसडीएम को लिखित शिकायत

पशु चिकित्सालय के कुत्ते से नगर वासी भयभीत

पाटन। पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉ सरला सिंह अपने निवास स्थान घर पर एक जहरीले कुत्ते को पाल रखा है और इनके कुत्ता का आतंक बहुत ज्यादा

आजकल देखने मिल रहा है पाटन निवासी पवन वर्मन ने बताया कि वो किसी काम से पशु चिकित्सालय गया था तभी उसके पास जहरीला कुत्ता आया और काटने के उद्देश्य से कुत्ता लिपट गया और काटने की कोशिश की तो पवन वर्मन डर के कारण बस स्टेंड तरफ दौड़ लगाई तब कही कुत्ते से छुटकारा मिला। पवन वर्मन ने एक लिखित शिकायत जिसमें पाटन नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा लिखित शिकायत में हस्ताक्षर कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानवेंद्र सिंह राजपूत एवं पुलिस थाने में शिकायत की गई है। जिसमें दीपक जैन, पार्षद धर्मेंद्र, योगेंद्र सेन, भोले सेन, चंदू सेन, गिरधारी, सोमेश, वैभव आदि लोगों द्वारा लिखित शिकायत की गई है जिसमें बताया गया है कि इस जहरीले कुत्ते को टीके लगाए जावे और डॉ साहिबा सरला सिंह अपन पालतू कुत्ते को घर के अंदर जंजीर से बांधकर रखे।

लोक अदालत में हुई सुलह

आपसी सहमति से हुआ प्रकरणों का निराकरण

पाटन। नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण जिसमे अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल कोर्ट की 4 खंड पीठों में लोक अदालत का आयोजन किया गया था। जिसमें माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 08/03/2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ।

ओमप्रकाश रजक, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति पाटन द्वारा श्री दशरथ सिंह भिड़े, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, श्रीमती रितिका शर्मा खरे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड एवं श्रीमती उजाला शुक्ला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह, ठाकुर अध्यक्ष सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव अधिवक्ता संघ, अधिवक्ता महोदय राम सिंह लोधी एस आर व्यास एस डी बैरागी एम एल शर्मा आर पी खंपरिया अभिषेक अग्रवाल संदीप पटेल महेंद्र पाठक केशव प्रताप सिंह देवराज सिंह वीरेंद्र सिंह ठाकुर सुरेंद्र सिंह ठाकुर हिरेंद्र सिंह एवं समस्त अधिवक्तागणों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन एवं मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

तहसील न्यायालय पाटन में गठित कुल 05 खंडपीठों द्वारा निम्नानुसार प्रकरणों का निराकरण किया गया है । जिसमें 802 प्रकरण रैफर्ड किये गये, 110 प्रकरण निराकृत हुये तथा तथा 73,20,346/- का अवार्ड पारित हुआ ।

जैन महिला परिषद ने किया नारी शक्ति का सम्मान

सिहोरा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा की महिलाओं द्वारा बड़े जैन मंदिर में नारी शक्तियों का सम्मान एवं महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बहनों ने महिला दिवस पर अपने विचार रखे। सामाजिक, राजनीतिक, शिक्षा साहित्य एवं बाकी सभी क्षेत्रों में अग्रसर रहने वाली सम्मानित महिलाओं में श्रीमति आशा चौधरी, श्रीमति अंजना सराफ, श्रीमति कृष्णा सरावगी, श्रीमति संगीता ग्रोवर, श्रीमति सारिका साहू को माला पहनाकर एंव पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम सभी बहनों ने आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी की फोटो के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया एवं श्रीमति दीप्ति जैन द्वारा मंगलाचरण किया गया और कुमारी समृद्धि जैन द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री जैन, श्रीमती रानी जैन, श्रीमती सारिका जैन, श्रीमती आशा जैन, विजया जैन, किरण जैन, ममता जैन, अनिता जैन, ऊषा जैन, संध्या जैन, सुधा जैन, अनिता जैन, अल्पना जैन, दीप्ति जैन, नीतू जैन, रूपाली जैन, शालिनी जैन, सरिता जैन सहित अनेक बहने उपस्थित थीं।

मन की कमियों को दूर करने पर सफलता निश्चितः अजय विश्नोई

पाटन। सफलता प्राप्त करने का एक ही मंत्र है हम अपने मन में विद्यमान कमियों को दूर करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें जीवन में कोई भी पद धारण करें पर जीवन में मानवीय संवेदनाओं को भी जीवित रखें। पाटन क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई ने शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा प्राचार्य डॉक्टर समीर शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर एवं जनपद पंचायत पाटन और नगर परिषद पाटन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्यांग जनों के उपकरण वितरण शिविर के अवसर पर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए व्यक्त किए।

आयोजन में जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह उपाध्यक्ष देव कुमार यादव पार्षद गजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, राघवेंद्र यादव, प्रदीप पटेल, आदित्य नामदेव, सत्यम मेहरा और जन भागीदारी अध्यक्ष बलराम यादव, मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह के साथ बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

महिला, छात्र और युवक ने लगाई फांसी

जबलपुर। रांझी, पाटन और केंट थाना क्षेत्रों में फांसी लगाने के तीन मामलें सामने आए है। रांझी में एक युवक ने, पाटन में एक महिला ने और बीएससी फाईनल पेपर में फेल होने के कारण एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेन रोड बाजार रांझी निवासी 22 वर्षीय रमन केशरवानी ने अपने घर पर फांसी लगा ली थी जिसे उपचार के लिए परिजनों ने अस्पाल में भर्ती कराया था जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। इसी तरह पाटन में ग्राम झामर मेढ़ी निवासी 33 वर्षीय दीपा बर्मन ने अपने घर की सीलिंग फैन में स्टॉल बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। इसी प्रकार खालसा स्कूल के अंदर सर्वेन्ट क्वाटर निवासी 24 वर्षीय प्रमोद सिंह गोंड बीएससी फाईनल में साईंस कॉलेज का छात्र था, जिसने इस वर्ष फेल हो जाने के कारण गत देर रात किचिन में लोहे के पाईप से गमछा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात लगभग 3.15 बजे उसकी मां राजकुमारी उठी तो देखी प्रमोद फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने शवों का पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

घर में घुसकर चाकू अड़ाकर रुपए और मोबाइल लूटा

जबलपुर। शहर में बदमाशों, लुटेरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। अब तो घर में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। कल रात 9 बजे रांझी थाना क्षेत्र मस्ताना चौक निवासी वृद्ध के घर में घुसकर तीन बदमाशों ने चाकू अड़ाकर जेब में रखे चार हजार रुपए सहित मोबाइल लूट लिया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े हुए।

घटना के संबंध में रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मस्ताना चौक निवासी 55 वर्षीय मैकेनिक कमलजीत सिंह के घर गत रात लगभग 9 बजे प्रतीक उर्फ बिल्लू जायसवाल अपने दो साथियों के साथ दरवाजा तोड़कर घर में घुसे और प्रतीक जायसवाल ने उसके पेट में चाकू अड़ा लिया और उसके दोनों साथियों ने उसकी पेंट की जेब में रखे 4 हजार रूपये तथा वीवो कम्पनी का मोबाइल जबरदस्ती निकाल लिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आए पीड़ित के बेटे लवप्रीत सिंह एवं गुरूप्रीत सिंह को भी बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 333, 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

मुफ्त में शराब नहीं देने पर कर्मचारी के साथ मारपीट

जबलपुर। गोसलपुर थाना अतंर्गत गांधीग्राम बुढ़ागर में शराब दुकान के सामने खड़े एक मैनेजर पर बाईक से आए दो बदमाशों ने शराब महंगी बेचने और शराब पीने के लिए फ्री में बॉटल की मांग करते हुए गालीगलौज व झूमाझपटी की इस दौरान बीच बचाव करने आए कर्मचारी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी 54 वर्षीय मैनेजर प्रवेन्द्र दुबे गत शाम लगभग 7 बजे शराब दुकान के सामने खड़ा था, तभी मोटर सायकल में दो व्यक्ति आये जिनमें से एक व्यक्ति उसके पास आया और तुम शराब दुकान के मैनेजर हो शराब महंगी बेच रहे हो कहते हुये शराब पीन के लिये पैसे और फ्री में शराब की बॉटल की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो, उसके साथ गाली गलोज करते हुये झूमाझपटी करने लगा। उसके कर्मचारी विवेक सिंह ने बीच बचाव किया तो विवेक सिंह के साथ मारपीट कर सीना, कमर, पीठ में चोटें पहुंचा दी। उक्त व्यक्ति का साथी अपने दूसरे साथी को कन्हैया नाम से पुकार रहा था। दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बाईक में बैठकर भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

सड़क दुर्घटना में आरक्षक व उसकी पत्नी घायल

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अतंर्गत एनएच 45 जबलपुर हाईवा रोड मनकेड़ी के पास रॉन्ग साईड से आ रही एक कार ने एक आरक्षक की कार में टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी को चोटें आ गई वहीं उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रिका अपार्टमेंट आमनपुर मदनमहल निवासी 36 वर्षीय राकेश कुमार थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। गत दिवस वह अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 9136 से अपनी पत्नी शिखा, बहन रश्मि एवं बच्चों के साथ गाडरवारा जिला नरसिंहपुर जा रहा था। शाम लगभग 5.30 बजे एन एच 45 जबलपुर हाईवे रोड मनकेड़ी के पास पहुंचा, तभी रॉन्ग साईड से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 0707 के चालक ने उसकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उसे तथा पत्नी शिखा को माथा एवं हाथ में चोटें आ गयी है, और उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

तालाब में डूबने से दो किशोर की हुई मृत्यु पर आयोग ने संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर। शहर के गोपालबाग तलैया में दो स्कूली बच्चों की तालाब में नहाने के दौरान पानी में डूबने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद तालाब में नहाने गये, जहां गहरे पानी में जाने से दोनों बच्चें उसमें डूब गये और दोनों मासूम की मृत्यु हो गई। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

श्री ब्रजेश चंद्र झा- लालमाटी चुंगी चौकी निवासी श्री ब्रजेश चंद्र झा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री पंकज गुप्ता- गोरखपुर निवासी श्री हरि नारायण गुप्ता के पुत्र श्री पंकज गुप्ता (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती केसर बाई कोरी- खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री खेमचंद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री महावीर कोल- लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री महावीर कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री छोटे लाल कुशवाहा- सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री छोटे लाल कुशवाहा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजू शर्मा- नई बस्ती सिद्धनगर खेरमाई वार्ड निवासी श्री शंकर दयाल शर्मा के पुत्र श्री राजू शर्मा (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री कृष्णा केशरवानी- रांझी दर्शन तिराहा निवासी श्री राम गोपाल केशरवानी के पुत्र श्री कृष्णा केशरवानी (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ललित कुमार बरुआ- मोहित टाउनशिप ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री ललित कुमार बरुआ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

खबर संक्षेप

सन फार्मा करेगी चेकपॉइंट थेरेप्यूटिक्स का अधिग्रहण

नई दिल्ली। सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने सोमवार को कहा कि वह चेकपॉइंट थेरेप्यूटिक्स का 35.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक के सौदे में अधिग्रहण करेगी। सन फार्मा ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनियों द्वारा किए गए समझौते के अनुसार सन फार्मा आम शेयरों के लिए प्रति शेयर 4.10 अमेरिकी डॉलर का अग्रिम भुगतान करेगी।

रुपया 38 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 87.33 प्रति डॉलर

मुंबई। दुनिया भर में शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के जारी रहने और विदेशी कोषों के निरंतर निकासी के बीच कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण सोमवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 38 पैसे की गिरावट के साथ 87.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। स्थानीय शेयर बाजार में बिकवाली से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई।

रियल मनी गेमिंग उद्योग के लिए आचार संहिता जारी

नई दिल्ली। ऑनलाइन 'रियल मनी गेमिंग' कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने संयुक्त रूप से एक आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें एआईजीएफ, ईजीएफ और एफआईएफएस शामिल हैं। आचार संहिता के तहत सदस्य कंपनियां केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा तय करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाओं को बढ़ावा देंगी।

सोना 150 रुपए टूटा, चांदी में 250 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। सोने में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

फिच ने अदाणी एनर्जी को रेटिंग निगरानी से हटाया

नई दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने ऊर्जा अवसंरचना कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को अपनी 'रेटिंग निगरानी नकारात्मक' सूची से हटा दिया है। अमेरिका में अदाणी से संबंधित मुकदमा शुरू होने के बाद यह पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने कंपनी की रेटिंग में सुधार किया है।

क्लीनमैक्स, ओसाका गैस के साथ संयुक्त उद्यम लगाएगी

नई दिल्ली। ब्रुकफील्ड समर्थित कंपनी क्लीनमैक्स ने सोमवार को ओसाका गैस ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत 300 मेगावाट का नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो विकसित करने पर 1,500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। संयुक्त उद्यम इकाई को 'क्लीन मैक्स ओसाका गैस रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' कहा जाएगा। संयुक्त उद्यम के तहत, 300 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के लिए कुल निवेश मूल्य 1,500 करोड़ रुपये है।

फरवरी में वेज थाली की कीमत गिरी, नॉन-वेज थाली के दाम में हुई बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फरवरी में घर पर पकाए गए शाकाहारी थाली (वेज थाली) की लागत में साल-दर-साल 1 प्रतशित की गिरावट आई, जबकि मांसाहारी थाली की लागत में सालाना 6 प्रतिशत बढ़त दर्ज की गई। ये जानकारी क्रिसिल 'रोटी राइस रिपोर्ट' में सामने आई है।

- वेज थाली की लागत में 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई

फरवरी में घर पर पकाए गए शाकाहारी थाली की लागत में साल-दर-साल 1 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि मांसाहारी थाली की लागत में सालाना 6 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि, फरवरी के दौरान शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की लागत में 5 प्रतिशत की कमी आई है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने 'रोटी राइस' रिपोर्ट की जारी

क्यों सस्ती हुई वेज थाली?

टमाटर और रसोई गैस की कीमतों में गिरावट के कारण शाकाहारी थाली की कीमतों में कमी आई है। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि टमाटर की कीमतें पिछले साल की तुलना में 28 प्रतिशत घटकर 23 रुपये/किलो रह गई हैं, जबकि पिछले साल ये 32 रुपए/किलो थी। इसकी वजह इस साल टमाटर की आवक में 20 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इस साल 11 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है।

प्याज की कीमतें 11 फीसदी बढ़े

इस बीच, प्याज, आलू और वनस्पति तेलों की कीमतों में उछाल ने शाकाहारी थाली की कीमतों में गिरावट को रोक दिया है। प्याज में 11 फीसदी, आलू में 16 फीसदी और वनस्पति तेल की कीमतें 18 फीसदी की बढ़त हुई है।

नॉन-वेज थाली के दाम में हुई बढ़ोतरी

क्रिसिल ने कहा कि ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में तेज बढ़त के कारण नॉन वेज थाली महंगी हुई है। चिकन नॉन वेज थाली की कुल लागत का लगभग 50 फीसदी है। इसने फरवरी में मांसाहारी थाली की लागत को बढ़ा दिया है। पिछले साल के लो बेस इफेक्ट के कारण ब्रॉयलर या चिकन की कीमतों में इस साल 15 फीसदी बढ़ी पिछले साल इस समय के दौरान, एक्सेस सप्लाई के कारण ब्रॉयलर की कीमतों में गिरावट आई थी।

दक्षिण भारत में ब्रॉयलर की कीमतें 5 फीसदी टूटी

मंथली बेस पर, प्याज, टमाटर, आलू और ब्रॉयलर की कीमतों में गिरावट के कारण शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की लागत में गिरावट आई है. दक्षिण भारत में बर्ड फ्लू के डर के बीच मांग में कमी के कारण ब्रॉयलर की कीमतों में इस महीने 5% की गिरावट आई है।

नियमों में लाभ की आवश्यकता को शामिल किया गया

सेबी ने लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए आईपीओ नियमों को कर दिया सख्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ के लिए नियमों को सख्त कर दिया है। इसमें लाभ की आवश्यकता को शामिल किया गया है और प्रवर्तकों के बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) को लेकर 20 प्रतिशत की सीमा तय की गई है।

नियमों को सख्त करने का उद्देश्य निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे 'ट्रैक रिकॉर्ड' वाले एसएमई को जनता से धन जुटाने का अवसर प्रदान करना है। यह कदम एसएमई के निर्गमों की बढ़ती संख्या के बाद उठाया गया है, जिसने महत्वपूर्ण निवेशक भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

परिचालन लाभ एक करोड़ होना जरूरी

सेबी ने लाभ मानदंडों के संबंध में कहा कि आईपीओ लाने की योजना बनाने वाले एसएमई का पिछले तीन वित्त वर्षों में से कम-से-कम दो के लिए न्यूनतम परिचालन लाभ (ब्याज, मूल्यह्रास और कर या ईबीआईटीडीए से पहले की कमाई) एक करोड़ रुपये होना आवश्यक है।

बिक्री पेशकश 20 फीसदी पर सीमित की गई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चार मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार इसके अलावा, एसएमई आईपीओ के तहत शेयरधारकों को बिक्री पेशकश के तहत अपनी हिस्सेदारी बेचने को कुल निर्गम आकार के 20 प्रतिशत पर सीमित किया गया है।

आवेदन के आकार को बढ़ाकर दो लॉट किया गया

कॉरपोरेट अनुपालन फर्म एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक और साझेदार मकरंद एम जोशी ने कहा, "इसके अलावा सेबी ने एसएमई आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट कर दिया है। इससे एसएमई आईपीओ को लेकर अनावश्यक अटकलों पर विराम लगेगा। इससे भोले-भाले निवेशकों के हितों की रक्षा करने में मदद मिलेगी, जो आमतौर पर शेयर की बढ़ती कीमत को देखकर निवेश करते हैं।"

- प्रवर्तकों के बिक्री प्रस्ताव को लेकर 20 फीसदी की सीमा तय की गई
- अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले एसएमई को धन जुटाने का अवसर मिलेगा
- यह कदम एसएमई के निर्गमों की बढ़ती संख्या के बाद उठाया गया

विवरण पुस्तिका 21 दिन के लिए उपलब्ध होगी

एसएमई आईपीओ के लिए विवरण पुस्तिका को 21 दिन के लिए सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। जारीकर्ताओं को समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करने और डीआरएचपी तक आसान पहुंच के लिए एक क्यूआर कोड शामिल करने की जरूरत होगी।

प्रमोटर होल्डिंग्स का 50 फीसदी से अधिक नहीं बेच पाएंगे

इसके अतिरिक्त, विक्रेता शेयरधारकों को अपनी मौजूदा होल्डिंग्स के 50 प्रतिशत से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी। एसएमई आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन पद्धति में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए शेयर बाजार के मुख्य मंच पर आईपीओ के लिए अपनाए गए दृष्टिकोण के अनुरूप बनाया जाएगा।

जीसीपी की राशि सीमित की गई

एसएमई आईपीओ में सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य (जीसीपी) के लिए आवंटित राशि कुल निर्गम आकार का 15 प्रतिशत या 10 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, पर सीमित की गई है। सेबी के अनुसार, एसएमई निर्गम से प्राप्त आय का उपयोग प्रवर्तकों, प्रवर्तक समूह या संबंधित पक्षों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए करने की अनुमति नहीं होगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में विमानों की संख्या 100 पर पहुंची

- बेड़े में 737-8 विमान शामिल किया गया
- नए विमान बेंगलुरु-हिंडन मार्ग पर उड़ान भरेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में एक और बोइंग 737-8 विमान शामिल होने के साथ ही इसके विमानों की संख्या बढ़कर अब 100 हो गई है। एयरलाइन के इस नए विमान ने बेंगलुरु-हिंडन हवाई मार्ग पर अपनी पहली उड़ान संचालित की।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार को बयान में कहा कि वह इस महीने के अंत तक भारत, पश्चिम एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में 54 गंतव्यों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क पर 500 से अधिक दैनिक उड़ानें संचालित करने लगेगी। बयान के मुताबिक, जनवरी, 2022 में 26 बोइंग 737 एनजी और 28 ए320 विमानों के बेड़े वाली एयरलाइन ने अपने बेड़े को लगभग दोगुना करके 100 विमानों तक पहुंचा दिया है। कर्नाटक की पारंपरिक भित्ति चित्रकला से प्रेरित 'चित्तरा' से सजे 100वें विमान को एयरलाइन के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हरी झंडी दिखाई।

तीन साल में किया तेजी से विस्तार

इस अवसर पर सिंह ने कहा, "टाटा समूह के हाथों में आने के सिर्फ तीन साल में हमने कम लागत वाली एयरलाइन का एकीकरण और विलय किया और एक आधुनिक और ईंधन-कुशल बेड़े के साथ तेजी से विस्तार किया है।" एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) को पिछले साल एकीकृत किया गया था।

भारत को 10 लाख एआई पेशेवरों की कमी होने का अनुमान : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर विशिष्ट कौशल की बढ़ती जरूरतों के बीच भारत को आने वाले समय में पेशेवरों की भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। एक अध्ययन में वर्ष 2027 तक देश में एआई क्षेत्र में 10 लाख से अधिक कुशल पेशेवरों की कमी होने का अनुमान जताया गया है।

बैन एंड कंपनी की इस अध्ययन रिपोर्ट में एआई विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत के अपने कर्मचारियों को नए सिरे से प्रशिक्षित करने और उन्हें बेहतर कौशल प्रदान करने की तत्काल जरूरत पर प्रकाश डाला गया है।

भारत में बैन एंड कंपनी के साझेदार (एआई, इनसाइट्स और सॉल्यूशन प्रैक्टिस) सैकत बनर्जी ने कहा, "भारत के पास खुद को वैश्विक एआई प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक अनूठा अवसर है। हालांकि, 2027 तक एआई में नौकरियों के अवसर प्रतिभा की उपलब्धता के मुकाबले 1.5-2 गुना होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का एआई क्षेत्र 2027 तक 23 लाख नौकरियों के अवसरों से आगे निकल सकता है।

- एआई को लेकर विशिष्ट कौशल की बढ़ती जरूरत के बीच संकट गहराएगा
- वर्ष 2027 तक देश में एआई के क्षेत्र में 10 लाख कुशल पेशवर कम पड़ेंगे

कमी दूर करने बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत

बनर्जी ने कहा कि एआई पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें कंपनियों को पारंपरिक भर्ती तौर-तरीकों से हटकर देखने और आंतरिक प्रतिभा को विकसित करने के लिए निरंतर कौशल-विकास पहल को प्राथमिकता देना शामिल है।

शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...में गिरावट रही। कारोबार के अंतिम घंटे में औद्योगिक तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया और बीएसई सेंसेक्स 217 अंक टूट गया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 217.41 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान 74,741.25 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, 92.20 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

- सेंसेक्स 217 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में
- अंतिम घंटे में औद्योगिक तथा तेल-गैस के शेयरों में आई बिकवाली

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

बाजार पूंजीकरण घटकर 4,510 अरब डॉलर रहा : बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,43,269.25 करोड़ रुपये घटकर 3,93,85,818.73 करोड़ रुपये (4,510 अरब डॉलर) रहा। एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में मिला-जुला रुख रहा।

नाकाजिमा होंडा कार्स इंडिया के नए सीईओ बनाए गए

नई दिल्ली। जापानी वाहन विनिर्माता होंडा ने सोमवार को कहा कि उसने ताकाशी नाकाजिमा को होंडा कार्स इंडिया का नया अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन में बदलाव के तहत नाकाजिमा एक अप्रैल, 2025 से कार्यभार संभालेंगे। कंपनी ने एक एक बयान में कहा कि नाकाजिमा, ताकुया त्सुमुरा की जगह लेंगे, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद होंडा मुख्यालय में जापान चले गए हैं। नाकाजिमा 2021 से होंडा मोटर रूस के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

नई रियल एस्टेट परियोजनाओं की लागत चार फीसदी तक बढ़ी

- रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे माल की ऊंची कीमतों की वजह से पिछले कैलेंडर साल के दौरान नई रियल एस्टेट परियोजनाओं की निर्माण लागत में सालाना आधार पर दो से चर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

सीबीआरई ने सोमवार को 'इंडिया कंस्ट्रक्शन कॉस्ट ट्रेंड्स 2024-25: नेविगेटिंग कॉस्ट्स इन ए ट्रांसफॉर्मिंग लैंडस्केप' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में नई रियल एस्टेट परियोजनाओं की निर्माण लागत में 2-4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में सीमेंट, इस्पात और एल्युमीनियम की लागत में वार्षिक आधार पर क्रमशः 6-8 प्रतिशत, 3-5 प्रतिशत और 0-2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि पेंट की लागत स्थिर रही। हालांकि, इस दौरान लकड़ी और पत्थर की कीमतों में क्रमशः 3-6 प्रतिशत और 0-2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो चुनिंदा मांग दबाव को दर्शाता है।

भारत का आयातित जल उपचार रसायन पर एंटी डंपिंग शुल्क

नई दिल्ली। भारत ने घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाने के लिए चीन और जापान से आने वाले जल उपचार रसायन पर पांच साल के लिए 986 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक का एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। यह फैसला वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की 'ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड' पर शुल्क लगाने की सिफारिश के बाद लिया गया। निदेशालय ने अपनी सिफारिशों में कहा कि चीन और जापान से भारत में डंप किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है।

कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की जरूरत: गडकरी

उद्योग बार-बार कर कम करने की सरकार से मांग न करे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को उद्योग जगत से कहा कि वे करों में कटौती की बार-बार मांग न करें, क्योंकि सरकार को गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए धन की जरूरत है।

- भारत में लॉजिस्टिक लागत दो साल के भीतर 9% तक कम हो जाएगी

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत में लॉजिस्टिक लागत दो साल के भीतर नौ प्रतिशत तक कम हो जाएगी। अपने बेबाक विचारों के लिए मशहूर गडकरी ने कहा, "माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और करों में कटौती की मांग न करें। यह एक सतत प्रक्रिया है जो चल रही है। यदि हम कर कम करते हैं, तो आप और अधिक मांगेंगे, क्योंकि यह मानव स्वभाव है।"

उत्पादन की लागत कम करने की जरूरत

मंत्री ने कहा कि चीन में लॉजिस्टिक लागत आठ प्रतिशत है और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है। गडकरी ने यह भी कहा कि भारतीय उद्योग जगत को गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्पादन की लागत कम करने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पूंजी निवेश बढ़ाकर भारत अधिक रोजगार सृजित करने जा रहा है।



भारत में लॉजिस्टिक लागत 16फीसदी तक

गडकरी के अनुसार, वर्तमान में भारत की लॉजिस्टिक लागत 14 से 16 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, "मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि दो साल के भीतर...हमारी लॉजिस्टिक लागत नौ प्रतिशत हो जाएगी। इससे हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे।"

हम कराधान कम करना चाह रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, '...हम कराधान कम करना चाहते हैं, लेकिन कराधान के बिना सरकार कल्याणकारी योजनाओं को आगे नहीं बढ़ा सकती।' मंत्री ने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण अमीर लोगों से कर लेना और गरीबों को लाभ देना है। "इसलिए सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं।"

रोजगार सृजनकर्ता बने

गडकरी ने कहा, 'आप केवल धन सृजनकर्ता ही नहीं हैं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता भी हैं...हमें इस स्वर्णिम युग का लाभ उठाने की जरूरत है।' इसके अलावा गडकरी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

मंत्रालय ने इरडा चेयरमैन पद के लिए आवेदन निकाला

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बीमा नियामक इरडा के चेयरमैन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मौजूदा चेयरमैन देवाशीष पांडा का कार्यकाल 13 मार्च को खत्म हो रहा है। इस पद के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख छह अप्रैल, 2025 है। पांडा ने वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग में सचिव के रूप में काम किया था और उन्होंने 14 मार्च, 2022 को तीन साल के लिए इरडा चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला।इरडा की विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार आवेदकों के पास कम से कम 30 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव होना चाहिए।

चिंतन

धमकी देकर देश को दहशत में डालने वालों पर नकेल जरूरी

भारत की विभिन्न धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी स्कूल, कभी रेलवे स्टेशन तो कभी एयरलाइंस की फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना आम बात हो गई है। कौन भूल सकता है जब बीते साल अक्टूबर में एक साथ 95 फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पूरे देश में दहशत फैल गई। अब सोमवार को एक बार फिर मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। जब तक जांच पूरी नहीं हुई यात्रियों, सुरक्षा एजेंसियों समेत देश के बड़े हिस्से में दहशत का माहौल रहा। न जाने कौन फैला रहा है इस तरह की दहशत। देश की प्रत्येक एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को एक सप्ताह के भीतर बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे खलबली मचना स्वाभाविक है। इससे दहशत तो फैलती ही है साथ में हवाई यात्रा का टाइम टेबल गड़बड़ा जाता है। कितनी ही फ्लाइट जांच के लिए रोक दी जाती हैं। यात्रियों को भारी असुविधा होती है। वे समय पर अपने गंतव्य पहुंच नहीं पाते या कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं। इन धमकियों के पीछे कौन है और उसका क्या उद्देश्य है? अनेक एजेंसियां इसका पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ खास नहीं निकल पा रहा है। सोशल मीडिया और ई-मेल के माध्यम से विमान में धमाका करने की धमकी देना आम बात होती जा रही है। आखिर ये कितने शातिर लोग हैं जो इतने दिनों से जांचकर्ताओं की पकड़ में नहीं आए। उड़ान में खलल डालकर उसे रोक देना उनका उद्देश्य मालूम पड़ता है। उनकी धमकी वाकई गंभीर है या खोखली इसका अंदाजा कैसे लगाया जाए। कुछ धमकियां तो ऐसी उड़ान को लेकर थीं जो पूरी हो चुकी थीं। वैसे तो हर उड़ान के पहले विमान और उसके सिस्टम की पूरी तरह जांच की जाती है फिर भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसी धमकियां विमानन क्षेत्र की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को ऐसे शरारती तत्वों को यथाशीघ्र खोज निकालना होगा। इस तरह का अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी धमकियां देने वाले में सिरफिरे, मानसिक रुग्ण के अलावा कोई ऐसा यात्री भी हो सकता है जो उड़ान में विलंब करवाना चाहते हैं। यह भी देखना होगा कि ऐसी धमकी के पीछे कोई एक व्यक्ति है या कोई समूह! कॉल या ई-मेल कहां से आया, इसका तुरंत पता लगाकर शरारती तत्व को पकड़ा जाना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां ऐसा कर सकती हैं। अनेक डिजीटेक टूल हैं जिनसे पता लगाया जा सकता है कि कौन से शरारती तत्व यह करतूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के पास भी पता लगाने के संसाधन हैं कि कौन से फेक अकाउंट से इस तरह की धमकियां दी जा रही हैं। यह भी संभव है कि इस तरह की धमकी बाहर देश से आ रही हों। जांच एजेंसियों पर इस पर भी नकेल कसने की जरूरत है। इस मामले को अब सरकार को टॉप प्रायरिटी में रखते हुए इसकी सघन जांच करानी चाहिए, ताकि भारत की एयरलाइंस और लोगों को इससे छुटकारा मिल सके।

विमर्श
राधा रमण

राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

> राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशकों से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं।

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिला (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबरदस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है।

बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भे यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। और तो और, सांसद-विधायक जब चाहते हैं अपनी तनख्वाह में मनमानी वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करने वाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। मुझे कहने दीजिए कि इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है -'हमाम में सभी नंगे हैं' की उक्ति चरितार्थ होती है। हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों-विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है।

याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि 'याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह संविधान को

फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से क़ानून बनाने का आदेश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।'सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह क़ानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 'अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसी तरह धारा 9 में प्रावधान है कि भ्रष्टाचार अथवा देश के प्रति अविश्वास के लिए बर्खास्त सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को 5 साल तक अयोग्य घोषित किया जाता है।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते में चुनाव आयोग से ऐसे दागी नेताओं की लिस्ट मांगी है जिन पर से आयोग ने चुनाव लड़ने से बैन के पीरियड को कम कर दिया था या हटा दिया था। साथ ही याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि वह चुनाव आयोग से जानकारी मिलने के दो हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में ही यह याचिका दाखिल की थी, लेकिन सरकार की हीलाहवाली और टालमटोल रवैये के कारण मामला अभी तक परिणति तक नहीं पहुंच पाया है। सवाल उठता है कि जो सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के उस फैसले को अध्यादेश के जरिये पलट देने की सामर्थ्य रखती हो जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहभागिता को अपरिहार्य माना गया था, उस सरकार को सजायाफ्ता नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने पर इतनी दिक्कत क्यों हो रही है? कहना न होगा कि देश की राजनीति और कानून निर्माण प्रक्रिया में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की उपस्थिति का लोकतंत्र की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इससे राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। क्या सरकार ऐसा नहीं चाहती कि राजनीति से अपराधियों का सफाया हो अथवा सरकार में बैठे लोग कहीं अपने भविष्य को लेकर आशंकित तो नहीं हैं। नेताओं को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि देश की जनता यह सब देख रही है। इतिहास गवाह है कि जनता जिस तेजी से किसी को सिर पर बैठाती है जायज वजह मिलने पर उससे दुगनी गति से सत्ता से च्युत भी कर देती है। भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है न कि हठधर्मिता से। हमारे नेताओं को यह बात समझनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
आलोक शुक्ला

प्रस्तावित लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर टकराव

भारत में इस समय 2026 में प्रस्तावित लोक सभा क्षेत्रों के परिसीमन पर काफी टकराव चल रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता है, परन्तु दक्षिण भारत में इसका भारी विरोध हो रहा है। भारत का संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य एक बराबर होना चाहिए। इसीलिए लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं में जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। परिसीमन के द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण भी किया जाता है। भारत में वर्ष 1951, 1962 एवं 1972 में परिसीमन किया गया था। इसके अनुसार एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10 लाख की जनसंख्या है। आपातकाल के दौरान संविधान (42 वां संशोधन) अधिनियम, 1976 पारित हुआ जिसके द्वारा वर्ष 2000 के बाद की जनगणना तक के लिए लोक सभा में सीटों की संख्या को फ्रीज़ कर दिया गया। सन् 2002 में वाजपेयी की सरकार ने लोक सभा सीटों की संख्या पर फ्रीज़ को 2026 तक के लिए बढ़ा दिया था। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों में लोक सभा की सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और राष्ट्रीय निर्णयों में उनकी भूमिका कम होती जाएगी। दक्षिण में उत्तर की तुलना में विकास अधिक हुआ है। दक्षिण की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में दक्षिण अधिक विकसित है। इसी कारण दक्षिण में जनसंख्या नियंत्रण बेहतर हुआ है और वहां की जनसंख्या अनुपातिक रूप से उत्तर की अपेक्षा बहुत कम हो गई है। केन्द्रीय करों की वसूली में दक्षिण का अनुपात उत्तर की तुलना में कहीं अधिक है। दक्षिण को लगता है कि यह उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि दक्षिण के राज्य कब तक उत्तर की अक्षमता का बोझ उठाते रहेंगे। लोक सभा में दक्षिण का प्रतिनिधित्व वर्तमान में 24% है, वह इस परिसीमन के बाद घटकर 19% हो जाएगा। हाल ही में नागपटनम में तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसी बात को रेखांकित करने के लिए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान तक कर डाला। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि परिसीमन से दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी। परन्तु उनकी बात का कोई खास असर दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं हो रहा है। उन्हें लगता है कि भी जनसंख्या के आधार पर किए गए परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की सीटों में आनुपातिक कमी आएगी।

2026 के जनसंख्या प्रोजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर अनुमान है कि इस परिसीमन से उत्तर प्रदेश की सीटों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 143 हो जाएंगी और बिहार की सीटों की संख्या वर्तमान 40 से बढ़कर 79 होगी। वहीं तमिल नाडु की वर्तमान 39 सीटों में केवल 10 सीटों की ही वृद्धि होगी। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को परिसीमन के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें 60 से अधिक दलों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इस बैठक में दक्षिण के राज्यों को 2026 की जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया और 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की मांग की गई। भारत में 2011 की जनगणना के बाद कोई जनगणना नहीं हुई है। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस कारण हमारे पास जनसंख्या के आधिकारिक आंकड़े ही नही हैं। अभी तक सरकार ने इस बात की घोषणा नहीं की है कि अगली जनगणना कब होगी। कई पार्टियां जातिगत जनगणना की मांग भी कर रही हैं। नए परिसीमन का संबंध लोक सभा में महिला आरक्षण के लागू होने से भी है। नए संसद भवन में 888 सीटें बनाई गई हैं। यह भी इस बात का संकेत है कि नए परिसीमन में लोक सभा की सीटें बढ़ने की संभावना है। लंबे समय के सुधारों के रूप में भारत को शायद वित्तीय शक्तियों के विकेंद्रीकरण के बारे में भी सोचना होगा। केन्द्र द्वारा एकत्रित किए जाने वाले करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा करने से लोक सभा में कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को भी अपने विकास का पूरा मौका मिलेगा और वे शायद परिसीमन की कुछ कम चिंता करेंगे। संवैधानिक विशेषज्ञ और सभी राजनीतिक दल यदि मिलकर इस समस्या का हल खोजेंगे, तो कोई न कोई हल ज़रूर मिलेगा। टकराव और अलगाव की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!

संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है। राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

मूर्तियां

पश्चिम बंगाल के नादिया में होली से पहले एक कारीगर भगवान कृष्ण की मिट्टी की मूर्तियां बना रहा है।

आज की पाती

अनिद्रा रोग की जकड़ में 2037 का भारत

पाश्चात्य जीवन शैली की नकल में वर्तमान भारतीय संस्कृति इतनी भ्रष्ट व बेईमान हो चुकी है कि भरोसा नाम की कोई चीज ही नहीं बची। भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *-प्रकाश सोलंकी, गरियाबंद*

ट्रेंड

रक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके1ए के लिए पहला रियर फ्यूजलेज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंपा गया। यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और रक्षा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

पौधरोपण में योगदान दें

प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधा रोपा। पेड़-पौधे प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के संरक्षक हैं। आप भी विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी

महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

भारतीय टीम को बधाई

भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर मां भारती का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई!
-विजेंदर सिंह, बॉक्सर

करंट अफेयर

उ. कोरिया ने समुद्र में दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें

दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागी है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद यह मिसाइलें दागी गयीं। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अतिक्रमण के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत से मिसाइल दागी गयीं, लेकिन उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य बलों ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास शुरू किया है जो ग्यारह दिनों तक चलेगा। हालांकि, इससे पहले दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों की गलती से नागरिक क्षेत्र में बमबारी करने की घटना के कारण लाइव-फायर प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। दक्षिण कोरिया ने इस मामले की जांच की। उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों की कड़ी निंदा करते हुए एक सरकारी बयान में इसे खतरनाक बताया।

ऑफ बीट

सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

पीएम मोदी का मॉरीशस दौरा

भारतीय उच्चायुक्त का दावा- रुपे, यूपीआई समेत कई महत्वपूर्ण समझौते होंगे मॉरीशस के नागरिकों को भारत में डिजिटल भुगतान करने की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुइस

भारत और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह जानकारी मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव ने दी है। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को मॉरीशस में लॉन्च किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और बढ़ेगा, खासकर पर्यटन और चिकित्सा यात्राओं में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपे और यूपीआई से भारतीय पर्यटकों को मॉरीशस में और मॉरीशस के नागरिकों को भारत में आसानी से डिजिटल भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। यह उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा जो भारत में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाते हैं।

द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए होगी चर्चा

दोनों के बीच 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार

फाइल फोटो

व्यापारिक संबंध होंगे और मजबूत

भारत और मॉरीशस ने 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो भारत का अफ्रीका के किसी भी देश के साथ पहला व्यापार समझौता था। पीएम की इस यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए व्यापार समझौतों पर भी चर्चा होगी। बता दें, साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। जिसमें से भारत से मॉरीशस 778.03 मिलियन डॉलर का निर्यात रहा वहीं, मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया।

मॉरीशस खेल उद्योग में निवेश कर रहा

मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम देश के कुल ऋण को जीडीपी के 83% से घटाकर 60% तक लाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए वे विकास भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और मित्र देशों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, मॉरीशस अपने अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए नए क्षेत्रों जैसे खेल उद्योग में भी निवेश कर रहा है।

एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने पर चर्चा

अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान कई मुद्दों पर समझौता होने की संभावना है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए समझौता, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए सहयोग, इसके साथ छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को समर्थन देना और मानव संसाधन और कुशल श्रमिकों के आदान-प्रदान पर चर्चा भी होनी है।

महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी मॉरीशस में भारतीय सहायता से निर्मित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसमें पहला सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए- सिविल सर्विस कॉलेज प्रोजेक्ट और दूसरा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एरिया हेल्थ सेंटर प्रोजेक्ट शामिल है। पीएम मोदी मॉरीशस में सर शिव सागर गुलाम की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा, वे गंगा तालाब भी जाएंगे, जो मॉरीशस के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह यात्रा पीएम मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी, जब से नवीन रामगुलाम सरकार ने पिछले नवंबर में कार्यभार संभाला है।

खबर संक्षेप

इंटरनेशनल ड्रग तस्कर शॉन भिंडर गिरफ्तार

तरनतारन। तरनतारन पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है, जिसकी तलाश अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को भी काफी समय से थी। शहनाज सिंह ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना था, जो कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमेरिका में अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद शहनाज सिंह भारत भाग गया था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उसका पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

नेपाल में फिर से उठी राजशाही की मांग

काठमांडू। नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही वे त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए। भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुनः स्थापित करो', 'राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।'

खत्म हुआ जस्टिन ट्रूडो का दौर, मार्क कार्नी बने कनाडा के नए पीएम

भारत के लिए खुशखबर, अब सुधरेंगे संबंध वे रिश्ते मजबूत करने की कर चुके हैं पैरवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी मार्क कार्नी को रविवार देर रात कनाडा का नया पीएम चुन लिया गया है। पार्टी ने सोमवार को अपने ऐलान में कहा कि कार्नी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। लिबरल पार्टी के अध्यक्ष सचित मेहरा ने लिबरल नेतृत्व की दौड़ में ब्रिटेन और कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख मार्क कार्नी की जीत की घोषणा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जोकि कुल मतों का लगभग 85.9% है।

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को मात दी। क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 11,134 वोट मिले, करीना गोल्ड को 4,785 वोट मिले और फ्रैंक बेलिस को 4,038 वोट मिले। जस्टिन ट्रूडो ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में खटास लाने के लिए कोई असर नहीं छोड़ी। लेकिन मार्क कार्नी इसे बेहतर बना सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भारत और कनाडा के संबंध एक बार फिर से सुधरेंगे क्योंकि कार्नी वहीं शख्स हैं, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि भारत के साथ रिश्ते फिर से मजबूत करने चाहिए।

कनाडा किसी भी तरह अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

खास बातें

- कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जो कुल मतों का 85.9% है
- कार्नी एक बैंकर और अर्थशास्त्री हैं

पीएम चुने जाने के बाद मार्क कार्नी ने अपने भाषण में ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की। कार्नी ने कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं और जिस तरह से हम अपना जीवन यापन करते हैं, उस पर अनुचित टैरिफ लगाए हैं। वह कनाडाई परिवारों, मजदूरों और व्यवसायों पर हमला कर रहा है और हम उसे सफल नहीं होने देंगे। कनाडा तब तक जवाबी टैरिफ लगाए रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से उसे सम्मान नहीं मिलता। कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर कार्नी ने कहा कि हमने इसे दुनिया का सबसे महान देश बनाया है और अब हमारे पड़ोसी हमें हड़पना चाहते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमारे संसाधन, पानी, हमारी जमीन, हमारा देश चाहते हैं। इसके बारे में सोचें, अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारे जीवन जीने के तरीके को खत्म कर देंगे। अमेरिका एक पिघलने वाला बर्तन है और कनाडा एक मोजेक है। अमेरिका कनाडा नहीं है, कनाडा कभी भी किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

ट्रूडो ने छोड़ा पद

जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूँ, जैसा कि मैंने शुरू में किया था। इस पार्टी और इस देश के लिए काफी उम्मीदें हैं। उन लाखों कनाडाई लोगों की वजह से जो हर दिन साबित करते हैं कि बेहतर हमेशा संभव है। बता दें कि ट्रूडो ने जनवरी में ही पार्टी को देश के नया पीएम चुनने को कह दिया था।

2012 में ठुकराया था वित्त मंत्री का पद

नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज कनाडा में जन्मे मार्क कार्नी का बचपन एडमंटन में बीता। उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री हासिल की फिर 1995 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। साल 2008 में उन्हें बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर नियुक्त किया गया। साल 2010 में दुनिया की मशहूर मैगजीन टाइम ने उन्हें विश्व के 25 सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक बताया। इसके अलावा साल 2012 में यूरोमनी मैगजीन ने उन्हें 'सेंट्रल बैंक गवर्नर ऑफ द ईयर' घोषित किया। साल 2013 में वह बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर बने थे। हाल ही में उन्हें संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्रवाई और वित्त पर विशेष दूत जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। वो ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट में ट्रांजिशन इन्वेस्टिंग के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन पीएम स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था।

ललित मोदी को लगा बड़ा झटका

वानुअतु के पीएम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के पूर्व प्रशासक ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल वानुअतु देश के पीएम ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। ललित मोदी के पास वानुअतु की नागरिकता है। अब वानुअतु के पीएम द्वारा ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश ऐसे समय आया है, जब ललित मोदी ने हाल ही में भारत की नागरिकता छोड़ने का आवेदन किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया था कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था। जायसवाल ने बताया था कि हमें पता चला है कि उनके पास वानुअतु की नागरिकता है।

मनी लॉन्ड्रिंग के हैं आरोप

ललित मोदी आईपीएल के पूर्व चेयरमैन रहे हैं और उन्हें ही आईपीएल की सफलता का मुख्य रणनीतिकार माना जाता है। हालांकि साल 2009 में आईपीएल के टीवी अधिकारों के 425 करोड़ रुपए के समझौते में नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में उनके खिलाफ जांच चल रही है। मई 2010 में ललित मोदी लंदन भाग गए थे। इसके बाद उन्हें बीसीसीआई ने बर्खास्त कर दिया था। ललित मोदी पर टीमों की नीलामी में भी फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। इस पर बीसीसीआई ने भी ललित मोदी के खिलाफ जांच की और दोषी पाए जाने के बाद उन्हें साल 2013 में आजीवन प्रतिबंधित कर दिया था। साल 2015 में ललित मोदी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

नागरिकता के लिए वानुअतु में करना होता है निवेश

वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है। इस द्वीपीय राष्ट्र की कुल आबादी महज 3 लाख के करीब है। वानुअतु को साल 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से आजादी मिली थी। वानुअतु निवेश कार्यक्रम के तहत दुनियाभर के लोगों को नागरिकता देने की सुविधा देता है। वानुअतु में नागरिकता पाने की न्यूनतम लागत 1.55 लाख डॉलर के करीब है। वानुअतु में निवेश के बदले महज 30-60 दिनों में ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। वानुअतु के कुल राजस्व में नागरिकता के बदले मिले राजस्व की हिस्सेदारी 30 फीसदी है।

बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा



लाहौर स्पिति। हिमाचल प्रदेश के लाहौर स्पिति जिले के मदगरण गांव में शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालुगण। स्थानीय मान्यता के अनुसार यूर त्यौहार के दौरान ग्रामीण बर्फबारी के बाद 12 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करते हैं।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा पहुंची न्यूयॉर्क

महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास की योजनाओं को करेंगी पेश

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में होने वाले 69वें महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जारी बयान के अनुसार, सत्र सोमवार को शुरू हुआ इसमें लैंगिक समानता व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर दुनियाभर में हुई प्रगति पर बात हुई।

इस साल का सत्र खास है क्योंकि यह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दूरदर्शी एजेंडे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच के 30 साल पूरे होने के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का सत्र 10 से 21 मार्च तक चलेगा। अन्नपूर्णा देवी इस सत्र में भारत की तरफ से राष्ट्रीय वक्तव्य देंगी। इसमें वे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सरकार की पहल और योजनाओं को पेश करेंगी। वे इस दौरान वे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच सहित संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास एजेंडे को लागू करने की रफ्तार को तेज करने और इसके लिए संसाधनों को सुनिश्चित करने पर होने वाली अहम बातचीत में भी शामिल होंगी।

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे भारत

पीएम मोदी के साथ करेंगे मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी विस्तृत चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय (16-20 मार्च) आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इस दौरान उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। पीएम के तौर पर क्रिस्टोफर लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वे 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले नई दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान पीएम लक्सन 17 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। उसी दिन उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का कार्यक्रम है।

19-20 मार्च को मुंबई का करेंगे दौरा

पीएम लक्सन 17 मार्च को नई दिल्ली में 10वें रायसीना डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। वे 19-20 मार्च को मुंबई का दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम लक्सन की यात्रा भारत-न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

गुलमर्ग में फैशन शो कराना पड़ा भारी

आयोजकों ने मांगी माफी, सोशल मीडिया से वीडियो कर दिए डिलीट

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आउटडोर फैशन शो आयोजित करने वाले आयोजकों को भारी पड़ा गया। हंगामे और भारी विरोध के बाद फैशन डिजाइनर शिवन और नरेश ने माफी मांग ली है। डिजाइनरों को कहना है कि रमजान के दौरान फैशन शो आयोजित किए जाने से लोगों को ठेस पहुंची है, उसके लिए हमें गहरा खेद है। हमारा एकमात्र मकसद क्रिएटिविटी का जश्न मनाना था। डिजाइनर जोड़ी शिवम और नरेश द्वारा आयोजित एले इंडिया फैशन शो में मॉडल बर्फ से ढके रैंप पर चलते हुए दिखाई दिए। ये वीडियो एले ने अपने इंस्टाग्राम थ्रेड्स अकाउंट पर पोस्ट किया था, बाद में इसे हटा दिया गया है।

सीएम अबदुल्ला ने दिए जांच के आदेश

कई कश्मीरी राजनीतिक नेताओं और सोशल मीडिया पर लोगों ने इस घटना को अश्लील बताया, क्योंकि यह रमजान के महीने के दौरान हुई। इस विवाद पर सीएम उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने कहा कि आयोजकों पर गुस्सा करते हुए आदेश दिया कि 24 घंटे के अंदर एक रिपोर्ट पेश की जाए, जिसके आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुलमर्ग में फैशन शो को लेकर हंगामा हुआ।

कोरियन युवतियों के खाने में मिला देता था नींद की दवा 'डेट रेप ड्रग'

रेपिस्ट बालेश को ऑस्ट्रेलिया में 40 साल कैद की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले सीरियल रेपिस्ट बालेश धनखड़ को ऑस्ट्रेलिया में 7 मार्च को 40 साल कैद की सजा सुनाई गई। उस पर ड्रग्स देकर 5 कोरियन महिलाओं से रेप और हिडन कैमरे से वीडियो बनाने समेत 39 आरोप साबित हुए। रेपिस्ट बालेश कोरियन युवतियों को रेप ड्रग देता था। यह ऐसा नशा है, जिसके बाद किसी को ये याद नहीं रहता कि उसके साथ क्या हुआ। बालेश युवतियों को डिनर के बहाने वाइन में यह ड्रग मिलाकर देता था। जिसके बाद उनके साथ रेप करता था। यही वजह रही कि कुछ कोरियन युवतियों का कहना था कि उनके साथ रेप हुआ या नहीं, इसका उन्हें पता नहीं चला। वह पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गईं थी। ऑस्ट्रेलिया में बालेश को 40 साल कैद की सजा होने के बाद यह खुलासा हुआ है। सिडनी कोर्ट में एक कोरियन युवती ने 8 अक्टूबर 2018 को ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद अपने साथ हुए रेप की घटना की आपबीती सुनाई थी। बालेश धनखड़ ने अलार्म घड़ी में हिडन कैमरा लगा रखा था। इसी से वह कोरियन युवतियों से रेप के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करता था। इस अलार्म घड़ी को बेड के सामने रखे टीवी के बराबर में सेट किया गया था। बता दें कि गिरफ्तारी के बाद बालेश के अपार्टमेंट से ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को 47 वीडियो मिले थे। ये सभी रेप से जुड़े थे। ये वीडियो 95 मिनट तक के थे।

खास बातें

- ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को 47 वीडियो मिले
- ड्रग के बाद न रेप का पता चलता, न कुछ याद रहता
- नौकरी देने के बहाने से बुलाता था

डेट रेप ड्रग, स्टिलनॉक्स और जोलपिडेम देकर फंसाता था

डेट रेप ड्रग का मेडिकल नाम रोहप्नोल है। वैसे तो इसे नींद की गोली के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि इसको लेकर हुए शोध में खुलासा हुआ कि यह दवा 'एंट्रोग्रेड एम्नेसिया' का भी कारण बनती है। इसका मतलब है कि दवा के सेवन के दौरान क्या हुआ, यह याद रखना मुश्किल होता है। इस दवा के असर से इंसान की याद रखने की क्षमता खत्म हो जाती है। इसी वजह से यूएसए में इसे बैन किया जा चुका है। इसमें न तो स्मेल होती है और न ही टेस्ट। इस वजह से इसको किसी चीज में मिक्स करने के बाद उसका पता नहीं चलता। यह भी पता चला कि रोहप्नोल के साथ वह युवतियों को स्टिलनॉक्स भी देता था। इसका सामान्य नाम जोलपिडेम भी है। इसके सेवन से चक्कर आने, सिरदर्द और कभी-कभी नींद में गाड़ी चलाने जैसा महसूस होता है। ऐसे में माना जा रहा है कि युवतियां खुद को बीमार समझें और रेप की तरफ ध्यान न जाए, इसलिए बालेश यह दवा भी उन्हें देता था।

एक ही होटल और कोरियाई रेस्तरां का इस्तेमाल किया

बालेश धनखड़ ने कोरियन युवतियों को फंसाने के लिए एक ही होटल, कैफे और रेस्तरां का इस्तेमाल किया। जब उसने एशिया पार्टनरशिप के नाम से फर्जी कंपनी खोल कोरियन से इंग्लिश ट्रांसलेटर की जॉब निकाली तो सबसे पहले युवतियों को होटल हिल्टन कैफे में बुलाया। यहां पर उनका इंटरव्यू लेने का बहाना बनाया। इसके बाद हर युवती को कोरियन रेस्तरां कोइबिटो में डिनर के लिए ऑफर दिया। जहां उन्हें सोजू, वाइन या कोरियाई पेय मकोली पिलाई गई। इसके बाद कभी ओपेरा हाउस दिखाने तो कभी कार की चाबी लाने के बहाने उन्हें अपने अपार्टमेंट में ले गया। वहां वाइन के बहाने उन्हें ड्रग्स मिक्स कर दे देता था।

रंग-रंगीले पर्व की तैयारियां हो गई शुरू

बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारियों की दुकानें सजी

जबलपुर। रंगों के पर्व होली को अब तीन दिन शेष रह गया है। बाजार में रंग-रंगीले पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानदारों ने रंग-गुलाल, पिचकारियों के जो ऑर्डर बुक कराये थे, उनका माल अब आ चुका है। वहीं होलिका स्थापित करने वाली समितियों ने चंदा उगाही का धंधा शुरू कर दिया है। हर तरफ धीरे-धीरे होली के त्यौहार के आगमन की आहट सुनाई देने लगी है। रंगों के मदमस्त त्यौहार होली पर शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या भी अब गिनी चुनी रह गई है। ले-देकर गुंजन कला सदन की रसरंग महोत्सव धुरेड़ी की पूर्व संध्या पर होगा। अब फागों के मुकाबले नहीं के बराबर बचे हैं। दरअसल महंगाई ने लोगों के उत्साह पर लगाम लगा रखी है।

समस्याओं से बेजार लोगों के लिये अब त्यौहार क्या और आम दिन क्या, रोज दो वक्त की रोटी कमाने और बच्चों को पालने की फिक्र में बीतते हैं। आसमान छूती मंहगाई ने लोगों के उत्साह और उमंग पर पानी फेर दिया है। बच्चों में जरूर त्यौहारों पर उत्साह रहता है, लेकिन होली के त्यौहार के वक्त बोर्ड परीक्षाएं व कॉलेज स्तर की परीक्षाएं चल रही हैं। पढ़ाई लिखाई से दूर बेगारी, मुफलिसी में दिन काटने वालों के लिये जरूर खासकर होली का त्यौहार रोजगार का साधन बन जाते हैं। 5 रूपये के चंदे की रसीद खरीद कर हजारों रूपये की उगाही मोहल्ले के दादाओं के साथ की जाती है और मौजमस्ती, शराबखोरी में इन रूपयों पैसों को उड़ाया जाता है। ऐसे लोगों ने अभी से अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में अरण्डी के पेड़ स्थापित कर दिये हैं। होलिका प्रतिमाओं का निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। दो-चार दिनों से रंग-अबीर की दुकानें भी सज गई हैं।

सेंट अलॉयसियस महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

जबलपुर। संत अलॉयसियस महाविद्यालय जबलपुर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जबलपुर अस्पताल की निदेशक डॉ. ऋचा धीरावाणी थीं, उन्होंने सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण विषय पर बात की। डॉ. धीरावाणी ने अपने विचार साझा किए कि समानता हर जगह होनी चाहिए, क्योंकि यह व्यक्ति के अपने परिवार से शुरू होती है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि महिलाओं को अन्य महिलाओं की सराहना करनी चाहिए तभी महिलाएं महिलाओं को सशक्त बना सकती हैं और कुछ समय सिर्फ अपने लिए निकाल सकती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य ने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को उनकी विशेषताओं पर गर्व करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी सराहना की।महिला प्रकोष्ठ ने सुंदरता से परे, एक सशक्त महिला विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। 34 छात्राओं ने अपने विचार भाषण द्वारा साझा किए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. एंथोनिमा रॉबिन थीं। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. तुहिना जौहरी और डॉ. रश्मि पतरस थीं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन अनुश्री सोनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अर्चना पसारी और डॉ. सोमा गुहादास के साथ अदिति अग्रवाल, सिमरन और मालविका अग्रवाल का सहयोग रहा।

मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा गंगा जल

जबलपुर। मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले दिन जबलपुर उत्तरमध्य के विधायक डॉ.अभिलाष पाण्डेय प्रयागराज महाकुंभ के संगम तट से लाए गए माँ गंगा के पावन जल का कलश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को प्रदान किया। इस पुण्य कार्य ने मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रथम दिवस को आध्यात्मिक बना दिया। इसके साथ ही डॉ अभिलाष पांडे ने विधानसभा में अन्य सभी मंत्री ,विधायक एवं विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मां गंगा का पवित्र गंगाजल प्रदान किया। गौरतलब है कि जबलपुर उत्तर मध्य विधायक डॉ अभिलाष पांडेय पिछले सात दिनों से अपनी विधानसभा मैं प्रयागराज महाकुंभ से लाया गंगा जल वितरण कर रहे है विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर मैं कुष्ठ रोगी आश्रम, वृद्ध आश्रम,अनाथ आश्रम ,केंद्रीय जेल ,हॉस्पिटल सहित लगभग पचास हज़ार घर तक गंगा जल स्वयं ने वितरण किया। डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि आज से शुरू होने वाला विधानसभा का सत्र प्रदेश के सुख, शांति ,समृद्धि और विकास के लिए नए आयाम स्थापित करे ऐसी मां गंगा से प्रार्थना करता हूं और सभी सुखी और निरोगी रहें इसलिए मां गंगा के आशीर्वाद स्वरूप गंगाजल को लेकर आया हूं।

सहायक शिक्षकों को 5400 रुपये का ग्रेड पे दिया जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात 4200रूप्ये का ग्रेड पे दिया जा रहा है जबकि उन्हे 5400रू का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए वहीं जो उच्चश्रेंणी शिक्षक से भर्ती हुए हैं उन्हे 6600 रू. का ग्रेड पे 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिया जाता है जबकि सहायक शिक्षकों एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों में सिर्फ एक पद का अंतर है तो फिर ग्रेड पे में इतना भारी अंतर क्यों? ग्रेड पे में इतना भारी अंतर होने से प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन अनिमित्ताओ की वजह से सहायक शिक्षकों में रोष बना हुआ है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरें, दिनेष गौंड़, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजेश सिंह ठाकुर, फिलिप अन्थोनी, गोपीषाह, एनोस विक्टर,आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है।

इतिहास की सच्चाई छिपाई गई : मरकाम

जनजाति गौरव दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर। गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अर्जुन सिंह मरकाम, प्रांत सचिव वनवासी कल्याण आश्रम महाकौशल प्रांत, मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, डॉ संतोष जाटव जी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ विशाल बन्ने, संचालक खेल विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर रहे। मुख्य वक्ता अर्जुन सिंह मरकाम ने कहा कि, इस कार्यक्रम का उद्देश्य रानी दुर्गावती जी 500वीं जयंती और भगवान बिरसा मुंडा जी कि 150वीं जयंती पर जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कतिपय कारणों से इस इतिहास कि घोर उपेक्षा की गई तथा तथ्यो को छिपाने का षड्यंत्र रचा गया। पहला विरोध तिलका मांझी ने सन् 1780मे अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध किया। इन सभी छिपाये गये इतिहास को देखें उसपर शोध हो, जिससे कि सच्चा इतिहास सामने आये। जनजातीय समाज में ही स्त्री पुरुष समान रूप संघर्ष करते रहे हैं। भगोरिया पर्व के बारे में विद्यार्थी को गलत जानकारी दी जाती है। वन अधिनियम से भी जनजाति समुदाय का रोजगार और व्यवसाय छीन लिया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन डॉ सुनील देशपांडे ने किया।

शांति और आनंद की खोज भी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी

जबलपुर। महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में ओशो अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती का एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट कोर ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका सम्मान किया। सद्गुरू देव ने ओशो के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की कॉलेज के प्राचार्य द्वारा उनका पुष्पहारों एवं शॉल से स्वागत किया स्वागत के पश्चात सद्गुरू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं वह स्वर्णिम भविष्य देख रहा हूँ जब शांति और आनंद की खोज को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा, इसमें ध्यान आनंदित जीवन की कला ओंकार और मृत्यु की कला जैसी महात्वपूर्ण चीजें होंगी, उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे स्कूल और कॉलेजों में जो शिक्षा दी जाती है वह केवल जीवकोपार्जन के लिए होती है, जो सिर्फ हमारे उदर की पूर्ति करता है, हम भूल जाते हैं कि हमारे पास एक मन भी है जो हमेंशा नए-नए अनुभव चाहता है, इसके बाद हमें रिश्तों की आवश्यकता है, हमें प्रेम चाहिए, हमें किसी को प्रेम करना और हमें भी प्रेम प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जबलपुर हॉस्पिटल प्रेक्षागृह में विश्व महिला दिवस मनाया गया

जबलपुर। विश्व महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की जबलपुर की ईकाई के तत्वावधान में विश्व महिला दिवस पर जबलपुर हॉस्पिटल प्रेक्षागृह में कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृ महिला शक्ति का सम्मान करना चाहिये, क्योंकि यह शक्ति आपको एवं आपके परिवार को संभाल कर रखती है। परिवार ही नहीं अपितु अपने शहर, प्रदेश, देश को भी संभाल रही है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला शक्ति वह शक्ति है जो कि समय पड़ने पर दुर्गा एवं काली का स्वरूप भी बन सकती है। इस अवसर पर जबलपुर हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा धीरावाणी ने भारतीय मजदूर संघ की महिला सशक्तिकरण इकाई का धन्यवाद ज्ञापित किया, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अबला नहीं सबला बनने की नितांत आवश्यकता है। विश्व महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर हास्पिटल महिला कर्मचारियों को तीन अलग-अलग पालियों में आत्म रक्षा हेतु कराते का प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा धीरावाणी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपा अहिरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी राहुल सिंह, दिनेश उसरेठे, अमर ग्रावकर, सी.के. ठाकुर, तथा पैथोलॉजी मैनेजर रिचा मिश्रा, नर्सिंग मेट्रन सोनी सुरेश उपस्थित रहीं।

200 बच्चों को रंग, पिचकारी व होली की शुभकामनाएं दी

जबलपुर। अनु आनंद आश्रय फाउंडेशन ने 3 मार्च को पनागर में 200 से अधिक बच्चों के बीच होली के रंगों का वितरण किया। सदस्यों ने बच्चों को रिफ्रेशमेंट, पिचकारियाँ, रंग और सामग्री वितरित की ताकि उनकी होली यादगार हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराज, आनंद, गीतांजलि, अभिषेक दुबे, गीता गुरु, कीर्ति, प्रेरणा जड़वानी, अर्पिता पॉल, शुभम जायसवाल, रोहित, दुर्गेश आदि उपस्थित रहे।

ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने महिला दिवस को अनूठे तरीके से मनाया

जबलपुर। ग्लोबल परिवार ने महिला दिवस मनमोहन नगर बस्ती में रहने वाली माताओं और बच्चियों के साथ मनाया। उद्देश्य था कि वहाँ रहने वाली बच्चियों एवं माताओं को शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाए। उनको समझाया जाए की शिक्षित महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। महाविद्यालय की एचआर हेड डॉ. निहारिका यादव ने अपने उद्बोधन भाषण के माध्यम से माताओं को ये संदेश दिया कि उन्हें अपनी बच्चियों को पढ़ाना है ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और अपना भविष्य सवार सकें। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। माताओं एवं बच्चियों को बहुत सारे खेल खिलवाये गए, महिला शिक्षा एवं उत्थान से संबंधित पुस्तकें बांटी गईं। साथ ही मिठाई एवं स्वल्पाहार भी बाँटा गया। संस्था के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वुमेन सेल की संयोजक प्रो. वंदना पाठक, डॉ. ममता समेल, प्रियंका सिंह, एनसीसी ऑफिसर डॉ. जसपाल बग्गा, सपन मौर्य उपस्थित थे।

सेंट मैरी स्कूल में महिला दिवस मनाया गया

जबलपुर। सेंट मेरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों की मदर्स को अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वरी कोटा और रेनू सूरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत शिक्षकों द्वारा स्वागत गीत से किया गया। इस कार्यक्रम को संपन्न करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों की मदर्स को उनके व्यस्त रुटीन से बाहर निकाल कर कुछ सुकून के पल देना था। हिंदी शिक्षिका पूनम शिवहरे द्वारा महिला सशक्तिकरण पर कविता का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में महिला अतिथियों के लिए रैम्प वॉक, डांस कम्पटीशन, सोंग कॉम्पटीशन एवं मनोरंजन गेम्स रखे गए। मम्मियों ने अपने बच्चों के साथ मदर सॉन्ग पर नृत्य की प्रस्तुति दी, तो हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सभी ने विभिन्न काम्पटीशन में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कार्यक्रम को ऊर्जा से भर दिया।

डीवीआर सर्जरी ने मरीज को दिया नया जीवन

गैलेक्सी हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक से निकाला जटिल हृदय समस्या का हल

जबलपुर। उखरी रोड स्थित गैलेक्सी सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से सर्जरी करते हुए 46 वर्षीय महिला की जान बचाई। चिकित्सकों ने बताया कि कटनी निवासी महिला को विगत एक महीने से चलने में सांस फूलना, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट, बेचैनी जैसी समस्याएं हो रही थीं। इन लक्षणों के आधार चिकित्सकों ने महिला पेशेंट की जांच की। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि पेशेन्ट का 2 डी ईको-कार्डियोलॉजी टेस्ट करने पर पता चला कि इनके हार्ट के दोनों वॉल्व खराब हो चुके हैं। ऐसे में परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट, डीवीआर सर्जरी की गई। यह एक विशेष प्रकार की ओपन हार्ट सर्जरी है, इसके लिए पूरी टीम ने अपने अनुभव व तकनीकी सुविधाओं के साथ ट्रीटमेंट किया। आज पेशेन्ट पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं पेशेन्ट का कहना है कि वे अब काफी अच्छा महसूस कह रही हैं। विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर सिंह चंदेल बताते हैं कि आमतौर पर लोग सांस फूलना, घबराहट या बेचैनी जैसी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते। यदि लगातार इस तरह की समस्याएं बनी रहें तो निश्चित तौर पर लोगों को चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। साथ ही लोग ओपन हार्ट सर्जरी के नाम से घबरा जाते हैं, आजकल तकनीकें इतनी एडवांस हो गई हैं कि इस तरह की सर्जरी में मरीज को किसी भी तरह की कोई तकलीफ नहीं होती।

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो का स्वागत किया

जबलपुर। भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के निर्देशानुसार भारतीय जाता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो का 09 मार्च को जबलपुर नगर आगमन पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर ने मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो को भाजपा का अंगवस्त्र एवं मोती की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर महेंद्र पासी, संतोष झारिया, अजय अधिकार, प्रमोद चोहटेल, सतवीर सोनकर, आशीष अहिरवार, संतोष शर्मा, संदेश महाराज एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महिला योग शिक्षकों को योगिनी अवार्ड प्रदान किया

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भंवरताल गार्डन में प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ मध्य प्रदेश जबलपुर के तत्वावधान में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला योग साधक महिला योग शिक्षकों को योगिनी अवार्ड प्रदान किया गया जिसमें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव स्मृति भवन सेवा केंद्र जबलपुर में पहुंचकर आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया एवं योग साधना में गहन अनुभूति भी की तथा ईश्वरीय सौगात भी प्राप्त की। कार्यक्रम में निशा पाठक, प्रतिभा उपाध्याय, गणेश उपाध्याय, शीला कुशवाहा, ममता देवी सिंह, हंसो मेहरा, गीता त्रिवेदी, सेवानिवृत्त डीएसओ गुंजन श्रीवास्तव, जबलपुर संघ की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष धर्मशीला दुबे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश तिवारी एवं डॉक्टर गणेश राठौढ़ उपस्थित रहे।

CHANGE OF DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. JC-390532X RANK SUB NAME SHAMULAILATPAM PREMJIT SHARMA S/O LATE SHAMULAILATPAM NIMAI SHARMA OF UNIT 1 TTR, (1 STC), JABALPUR (MP) I, have changed date of birth of my DAUGHTER from 24/03/2007 (date of birth as per my Army service records) to 23/03/2007 (date of birth as per my DAUGHTER, AADHAR CARD, BIRTH CERTIFICATE vide affidavit dated 10/03/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).
CORRECT DATE OF BIRTH 23/03/2007
INCORRECT DATE OF BIRTH 24/03/2007

In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court,Jabalpur
Presiding Officer: अंकिता शाही
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/ 0000034/2025)
संदीप सिंह होरा....आवेदक Vs श्रीमान प्रबंधक महोदय श्रीराम फाइनेंस प्रा. लि.....अनावेदक
Process Id-/2025 पेशी दिनांक :-09/04/2025
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र. (1) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप सिंह होरा पता निवासी-16, आदर्श नगर, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर ने मृतक भूपेन्द्रपाल सिंह होरा निवासी B 1703 नंदन इनस्पेरा वाकड पुणे की श्रीमान प्रबंधक महोदय श्रीराम फाइनेंस प्रा. लि. पता-श्याम टॉकीज रोड सुपर मार्केट बाबूलाल बर्तन भण्डार के उपर प्रथम तल जिला जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 09 April 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 April 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 03 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मुद्रा न्यायाधीश (श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें :-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

बाजार में रंगों के साथ पकवानों की दुकानें भी सजने लगीं

देसी घी से बनी गुझिया, सूखे मेवे वाली नमकीन से सजी 'दुकानें'

परंपरागत गुझिया भी कई किस्म के स्वाद में उपलब्ध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

होली का त्योहार हो और मिठास का जिक्र न हो यह तो हो ही नहीं सकता। इसलिए होली पर बाजार में जितने रंग सजे हैं, उतने ही किस्म की मिठाई भी स्वागत के लिए तैयार है। परंपरागत गुंजिया भी कई किस्म के स्वाद में उपलब्ध है। यूं तो गुंजिया कई तरह की बनती हैं। इनमें खोए वाली पारंपरिक गुंजिया, सूजी की गुंजिया के साथ.साथ नारियल की गुंजिया शामिल हैं, लेकिन इस बार ड्राइफ्रूट वाली गुंजिया होली की मिठास बढ़ाएगी।

इसके साथ ही ड्राइफ्रूट वाली नमकीन भी दुकानों पर खरीदारी के लिए उपलब्ध है, जो लोगों को खूब भा रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए हर बार की तरह इस बार भी बाजार में मीठे और तरह-तरह के नमकीन सजाए जा रहे हैं। जो ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। नमकीन में दाल मोठ, बेसन सेम तथा मठरी सहित अन्य कई वैरायटी मौजूद हैं। इसकी खरीदारी के लिए मिठाई की दुकानों पर भीड़ शुरू हो गई है।

गुझिया 450 प्रति किलो से शुरू

कन्हैया नमकीन सेंटर के संचालक के अनुसार डालडा घी और रिफाइंड की बनी गुंजिया जहां 400 से 600 रुपए किलो बिक रही है। वहीं देशी घी की गुंजिया 450 से 600 से लेकर 1200 रुपए प्रति किग्रा दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। इनमें सर्वाधिक 1200 सौ रुपए प्रति किग्रा के भाव मेवे वाली गुंजिया बिक रही है। इसके अलावा बाजार में मैदा, केसर, चंद्रकला, लौंगलता, समोसा,ड्राईफ्रूट समेत कई तरह की गुंजिया भी उपलब्ध है। नमकीन, समोसे, मठरी 100 रुपए से लेकर ढाई- तीन सौ रुपए प्रति किग्रा है।

उपहार के लिए की गई है विशेष तैयारियां

मिठाई की छोटी से लेकर बड़ी दुकानों और रेस्टोरेंट में उपहार के लिए भी विशेष तैयारियां की गई है। अलग-अलग छोटी पैकिंग में समोसे, मठरी, सामान्य और काजू बिस्किट तो बड़ी पैकिंग में गुंजिया, ठंडई, नमकीन, सोहन पापड़ीए खुर्मा, बिस्किट, मठरी आदि उपलब्ध है।

मप्र सरकार ने किए भूमि विकास नियम 2012 के नियमों में कई बदलाव

यह बदलाव रियल एस्टेट के लिए ही नहीं, बल्कि महानगरीय विकास के लिए साबित होंगे निर्णायक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के हालिया संशोधन राज्य की शहरी संरचना को नई स्काईलाइन और एक नए आयाम में ले जाने की क्षमता रखते हैं। ये नीतिगत बदलाव केवल रियल एस्टेट सेक्टर के लिए ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के महानगरीय विकास के लिए भी एक निर्णायक मोड़ साबित होंगे। मेट्रोपोलिस एनालिस्ट और क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक के अनसुार इस नए ब्लॉग में एफएआर, टीडीआर, औद्योगिक और वाणिज्यिक भूमि उपयोग, पर्यावरणीय प्रभाव, और कानूनी बदलावों का सिलसिलेवार विश्लेषण किया गया है। संशोधनों के तहत, भोपाल और अन्य प्रमुख शहरों में शहरी विकास की नई संभावनाएं खुली हैं।

> लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर और आईटी हब विकसित करने के लिए निवेश को बढ़ावा मिलेगा

> यदि भवन ऊंचाई की गणना में पार्किंग फ्लोर की छूट दी जाती है, तो संरचनात्मक योजना में लचीलापन आएगा

इकोनॉमिक ग्रोथ के नए हब विकसित होंगे

संशोधित नियमों में बहुमंजिला औद्योगिक परिसरों को मान्यता देकर उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के लिए नया मार्ग खोला गया है। यह नीति औद्योगिक और टेक्नोलॉजी पार्कों को नई दिशा देगी, जिससे प्रदेश में लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर और आईटी हब विकसित करने के लिए निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

स्मार्ट पार्किंग और भूमि उपयोग का प्रभावी नियोजन

शहरी भीड़भाड़ और पार्किंग संकट के समाधान के लिए स्टिल्ट पार्किंग और मल्टी-लेवल पार्किंग को प्रोत्साहित किया गया है। यदि भवन ऊंचाई की गणना में पार्किंग फ्लोर को शामिल करने से छूट दी जाती है, तो इससे संरचनात्मक योजना में लचीलापन आएगा और वाहन पार्किंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

पर्यावरणीय संतुलनः सतत शहरीकरण की दिशा में कदम

नए प्रावधानों में ग्रीन बिल्डिंग मानकों को अनिवार्य किया गया है, जो सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल संरक्षण के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वाटर रीसाइक्लिंग और ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी नीतियों को मजबूती मिली है, जिससे शहरों का पारिस्थितिक संतुलन बना रहेगा।

प्रशासनिक सुधार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का नया अध्याय

डेवलपर्स और निवेशकों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। 2000 वर्गफुट तक के आवासीय भूखंडों पर स्वतः अनुमोदन प्रणाली लागू की गई है, जिससे व्यक्तिगत गृह निर्माण आसान होगा। वन स्टेट वन रजिस्ट्रेशन नीति और स्व-प्रमाणन प्रणाली को लागू करके प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी और तेज किया गया है।

खुलासे के बाद कहा नष्ट की, बैठी तगड़ी जांच

छग से वापस गई 13 करोड़ की 50 ट्रक एक्सपायरी बीयर, एमपी में बेच दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/भोपाल

छह महीने पहले छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश वापस भेजी गई 13 करोड़ 22 लाख की एक्सपायरी डेट की बीयर को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग के अफसरों ने मिलीभगत कर इसे मध्यप्रदेश की शराब दुकानों से बिकवा दिया, मदिरा प्रेमी रायसेन स्थित सोम कंपनी में बनाई गई हंटर कंपनी की एक्सपायरी डेट की गटक गए। मामले का खुलासा होने के बाद रायसेन के जिला आबकारी अधिकारी ने 21 जनवरी 2025 को उक्त बीयर को नष्ट करने की जानकारी दे दी। आयुक्त आबकारी अभिजीत अग्रवाल का कहना है कि बिना अनुमति के छग से बीयर वापस लाने पर जिला प्रभारी अधिकारी को नोटिस दिया गया था। इस मामले की जांच की जा रही है।मध्यप्रदेश से सोम कंपनी की हंटर बीयर 50 ट्रक में भरकर छत्तीसगढ़ भेजी गई थी। जिसमें 55 हजार 90 पेटी बीयर एक्सपायर होने से इसे सितंबर 2024 में मप्र वापस भेज दिया गया। जबकि छत्तीसगढ़ से मप्र बीयर लाने के लिए आबकारी आयुक्त की परमिशन भी नहीं ली गई। इसके साथ प्रदेश की शराब दुकानों से बीयर विक्रय कर दी गई। मामले को दबाने के लिए इस शराब का नष्टीकरण दिखाकर गोलमाल किया गया है।

आबकारी विभाग ने 4 करोड़ 20 लाख की बीयर को नष्ट करना बताया

आयुक्त आबकारी ने रायसेन के प्रभारी अधिकारी को दिया नोटिस

खास खबर

वापसी का प्रावधान नहीं

आबकारी एक्ट में निर्यात बीयर वापस लाने का कोई प्रावधान नहीं है। मप्र से निर्यात की गई बीयर सोम डिस्टलरी में किसकी परमिशन से ली गई, या तस्करी करके लाई गई, भाड़ा किसने दिया, वाहन कौन से थे, बिना अनुमति बड़ी संख्या में बीयर डिस्टलरी के अंदर प्रवेश कैसे करवा दी गई। इस सवालों के गोलमाल जवाब दिए जा रहे हैं। सोम कंपनी के मालिक जगदीश अरोरा से मोबाइल पर काल कर बात करने पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

बीयर नष्ट करने में गोलमाल

रायसेन के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी ने बीयर वापस आने के चार महीने बाद 21 जनवरी 2025 को अचानक से इस बीयर को नष्ट करने की प्रेस रिलीज जारी कर दी। मामले की जानकारी जब आबकारी आयुक्त को लगी तो उन्होंने रायसेन के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया था(

जांच की जा रही है

आयुक्त आबकारी अभिजीत अग्रवाल का कहना है कि बिना अनुमति के छत्तीसगढ़ से बियर वापस लाने पर जिला प्रभारी अधिकारी को नोटिस दिया गया था। इस मामले की जांच की जा रही है।

ऐसे पकड़ में आई गड़बड़ी

आबकारी विभाग ने नष्टीकरण की गई बियर की कीमत चार करोड़ 20 लाख रुपए बताई। जबकि इसकी कीमत 13 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक है। सोम की हंटर ब्रांड बियर की बाजार कीमत 220 रुपए प्रति बोतल के करीब है। यदि औसत एक बोतल की कीमत 200 रुपए भी मान ली जाए तो एक पेटी में 12 बियर की बॉटल होती हैं, जिससे इसकी कीमत 24 सौ रुपए हो गई। इस तरह 55 हजार 90 पेटी की कीमत 13 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक होती है। विभाग ने जानबूझकर नष्टीकरण की गई बियर की कीमत को आधे से भी कम दिखाया है।

मार्च में ही सूखे हलक, रसातल में चला गया पानी, कई जगह भीषण जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/ सड़क अतरिया/ मैनपुर/ बेमेतरा/ धमतरी/ भिलाई

होली से पहले ही गर्मी ने ऐसे तेवर दिखाए हैं कि पंखे ही नहीं, शहरों में कूलर और एसी चलाने पड़ रहे हैं। धरती तप रही है और नदियां सूख रही हैं। हाल ऐसा है कि कई जिलों में अभी से भीषण जल संकट शुरू हो गया है। वनांचल इलाकों में रहने वाले लोग झरिया का पानी पीने को मजबूर हैं। वहीं, कई इलाकों में आयरन युक्त पानी निकलने से भी लोगों की परेशानी बढ़ी है। इसके कारण यहां लोग भू-जल स्रोत का पानी चाहकर भी नहीं पी रहे हैं। हरिभूमि टीम ने जल संकट को लेकर प्रदेश के कई इलाकों का मुआयना किया।

बेमेतरा में खेती-किसानी पर संकट के बादल

बेमेतरा जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर में बोर पंप पूरी तरह से ठप हो गए हैं, जिसके चलते पानी टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। जानकारी अनुसार शहर में वाटर लेबल 300 फीट तक नीचे चला गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 150 से 200 के बीच वाटर लेबल डाउन हो गया है। वाटर लेबल डाउन होने पर कृषि कार्य में पानी को लेकर समस्या उत्पन्न हो रही है। वे किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं जो रवि की फसल ले रहे हैं, क्योंकि खेतों में सिंचाई के लिए लगे बोर पंप बंद हो गए हैं।

यहां लाल पानी ने बनाई मुसीबत

गरियाबंद के पहाड़ी के ऊपर बसे जनजाति बसाहवट वाले ग्राम पंचायत ओड़, आमामोरा में दो दर्जन से ज्यादा हैंडपंप मौजूद है, लेकिन अधिकांश में लाल आयरनयुक्त पानी निकलता है। गर्मी के दिनों में तेजी से नदी नाले सूखने व जल स्तर नीचे चले जाने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मीलों पैदल दूरी तय करना पड़ता है, तब कही जाकर पीने का पानी नसीब हो पाता है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348 (रायपुर /17/मार्च 25)

फायनेंस

फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 7042858951 (रायपुर /11/मार्च 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

राशिफल

मेष — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

वृष — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

मिथुन — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

कन्या — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

धनु — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

मकर — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान

कुंभ — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

धमतरी जिले के ग्राम सेमरा-सी में मन गया रंगों का त्योहार

कोई अनहोनी न हो, इसलिए हफ्तेभर पहले मना ली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

खास खबर

जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर गांव सेमरा (सी) में होली का त्योहार एक सप्ताह पूर्व रविवार को मनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसे ग्रामवासी निभा रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि गांव के सिरदार देवता ने सदियों पहले स्वप्न में कहा था कि किसी भी त्योहार को मनाने से पहले उन्हें हूम-धूप देना जरूरी होगा। इससे गांव में कभी भी अनहोनी नहीं होगी। तब से ग्रामवासी सभी त्योहार एक सप्ताह पहले मनाते हैं।

उड़े गुलाल, बजे ढोल-नगाड़े : रविवार को गांव में होली का जबरदस्त जश्न देखने को मिला। गांव में ढोल नगाड़ों की आवाज के साथ रंग गुलाल से पूरा गांव सरोबार रहा। घरों में दूरदराज से मेहमान, रिश्तेदार, परिचित होली देखने पहुंचे एवं त्योहार को सेलिब्रेट किया। गांव में उत्साह और खुशहाली का माहौल रहा। समय बदला लेकिन गांव की परंपरा अब भी कायम है। इस अनोखी परंपरा के कारण सेमरा (सी) की प्रदेश में खास पहचान बनी है।

हर त्योहार एक हफ्ते पहले

गांवों की खुशहाली के लिए हर साल दिवाली, होली, पोला और हरेली निर्धारित तारीख से एक सप्ताह पहले मनाई जाती है। सिरदार देवता के मंदिर में महिलाएं नहीं जाती। गांव के बुजुर्गों के मुताबिक सिरदार देव के मंदिर के पास एकजुट होकर हर्षोल्लास से योहार मनाते हैं, लेकिन परंपरा के अनुसार गांव की युवतियां और शादीशुदा महिलाएं सिरदार देव के करीब नहीं जातीं। ऐसा क्यों किया जाता है इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

शब्द पहेली - 5803



बाएँ से दाए-
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या,रत्न-2
10. जाप,मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन,प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी,निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी,मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर,नाहर-2
26. पिटाई,चोट-2
27. निम्नता,न्यूनता-5
31. परिणाम,निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल,कंद-2
35. पितृपक्ष-2

ऊपर से नीचे
2. सवेरा,भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य,असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण,जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर,रब-7
13. डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन,प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

■ मंगल सैनचा, चित्तौड़

शब्द पहेली - 5802 का हल

र	प	ट	ना		ज		अ	प	रा	ध
	ल		म		ना	वि	क		ल	ड़
ह			ज	ल	न		ल			क
म	क	स	द		खा	ना		थ	का	न
रा		ब		म	न		ध्व		लि	
ज	प	क	र	ना		रा	ज	कु	मा	र
	ह		वा		या	श्री		लं		वा
क	रा	र		न	न		अ	न	ध	न
म			ज		चा	क	र			गी
सि	ला		ह	म	ल		दा		सां	
न	क	सी	र		क		स	दा	चा	र

सूडोकु नवताल - 5813

***** कठिनतम

	9				6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5812 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4

haribhoomi.co
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा से एक साथ प्रकाशित
हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
11 मार्च 2025

सहेली

रंगोत्सव विशेष

होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

सरस्वती रमेश

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली

देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।

साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।

कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों के इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं... a

रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

चेतना झा

अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

प्राकृतिक रंगों का आनंद: कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।

समझें रंगों का अर्थ: रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

रिश्तों को करें तरोताजा: जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं। a

तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

हेयर केयर

ललिता गोयल

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

प्रॉपर ऑयलिंग: इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।

बांधकर रखें: होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

ढंककर रखें: होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

शैंपू-कंडीशनर लगाएं: रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें। a

(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)

होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

तला-भुना और मीठा खाने से बचें: होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

देर तक खाली पेट न रहें: त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।

पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी: होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।

तेल-घी दोबारा न करें यूज: त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।

होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। a

प्रस्तुति: विनीता

इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

खबर संक्षेप

हॉकी इंडिया ने की 12 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया

दुबई। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'

शुभंकर 37वें, अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।

आकर्षण का केंद्र होंगी 3 बार की पैरालंपिक चैंपियन वेनेसा

नई दिल्ली। तीन बार की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद की खिलाड़ी वेनेसा लोव मंगलवार से यहां शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में आकर्षण का केंद्र होंगी। चौंतीस साल की वेनेसा ने 2016 रियो खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस पैरालंपिक की लंबी कूद टी63 स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 2019 और 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी टी63 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वेनेसा 2024 पेरिस पैरालंपिक में 5.45 मीटर के प्रयास के साथ मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं। वेनेसा ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया का रुख करने से पहले लंदन 2012 और रियो 2016 में जर्मनी का प्रतिनिधित्व किया था।

वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव के दौर में रोहित की जरूरत

प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'भविष्य की कोई योजना नहीं, संन्यास नहीं लेने जा रहा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद रविवार को रोहित शर्मा की लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो बार ऐसा हुआ जब उनके संन्यास का मुद्दा उठा। दुबई में चैंपियन्स ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद जब पहली बार इस विषय पर उनसे बात की गई तो भारतीय कप्तान रोहित ने खुलकर जवाब दिया, 'भविष्य की कोई योजना नहीं है, जैसे चल रहा है, चलता रहेगा।'उन्होंने अगली बार स्वैच्छिक रूप से इसका जिक्र किया। भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने से ठीक पहले कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा, बस यह सुनिश्चित करने के लिए बोला कि आगे कोई अफवाह नहीं फैले।' रोहित का बयान बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि जोर 'इस प्रारूप' पर था जो कि 50 ओवर का क्रिकेट है।

रोहित ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था और टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल बने हुए हैं क्योंकि भारतीय टीम इस साल गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय कप्तान ने महत्वाकांक्षाओं को जोरदार और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया और 2027 विश्व कप को लेकर उनके कुछ अधूरे सपने हैं जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।

रन बनते तक संन्यास नहीं

'वनडे प्रारूप' पर जोर देकर रोहित ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जब तक वह रन बना रहे हैं, उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। हालांकि अगले एकदिवसीय विश्व कप तक वह 40 के करीब होंगे। वनडे अब भी उनका पसंदीदा प्रारूप है लेकिन रोहित ने कभी ऐसा नहीं कहा कि वह टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते। असल में ऑस्ट्रेलिया दौरे और उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला को छोड़कर वह टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी काबिलियत दिखाई है लेकिन रोहित अब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम में सबसे सम्मानित नेतृत्वकर्ता हैं।

बुमराह फिट नहीं, गिल परिपक्व नहीं

बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं और चयनकर्ताओं के शुभमन गिल को कुछ और समय के लिए उप कप्तान की भूमिका में रखने की प्राथमिकता के कारण रोहित टीम की अगुआई जारी रखने के लिए आदर्श उम्मीदवार बने हुए हैं क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित के लंबे समय से साथी विराट कोहली ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी अगले आठ साल तक खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह उनका कर्तव्य है कि जब भी वह अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट को अच्छे हाथों में सौंपें।

पाकिस्तान मेजबान, पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाने पर परेशान

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी।' पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं।

लोगो में नाम नहीं, भारत का बजा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था। आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था।

क्या पाकिस्तान मेजबान था?

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यों नहीं था।'

सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए।

नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने नाम बदलकर किया राष्ट्रमंडल खेल

लंदन। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की संचालन संस्था ने कहा, 'राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को राष्ट्रमंडल खेल के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ अपना सार्वजनिक ब्रांड नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर रहा है। यह ब्रांड विकास संगठन के 'खेल महासंघ' से 'खेल आंदोलन' में परिवर्तन को दर्शाता है।'राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ कैटी सेडलियर ने कहा, 'ब्रांड नाम राष्ट्रमंडल खेल एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य को दर्शाता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ता है।' 'राष्ट्रमंडल खेल महासंघ' को केवल कानूनी इकाई के नाम के रूप में रखा जाएगा। इस बीच राष्ट्रमंडल खेल के संरक्षक किंग चार्ल्स सोमवार को राष्ट्रमंडल दिवस पर बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए राष्ट्रमंडल खेल किंग्स बेटन रिले का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे।

मोटेरा के जख्मों पर दुबई में मरहम लगाकर राहुल ने बदली अपनी और टीम की तकदीर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में विजयी छक्का जड़ने वाले केएल राहुल ही थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी जिताने में उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह वही केएल राहुल हैं जिन्होंने 19 नवंबर 2023 को आस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के बाद सबसे ज्यादा लानत मलामत झेली थी। जब लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अहमदाबाद में आखिरी मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 240 रन पर आउट हो गई और 107 गेंद में 66 रन बनाने पर राहुल आलोचकों का कोपभाजन बने। टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। मोटेरा के उस फाइनल के सत्रह महीने बाद जब दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने तीसरी बार खिताब जीता तो अंत तक डटे रहे राहुल को जिस तरह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने गले से लगाया, उसने साबित कर दिया कि इस जीत में उनकी क्या अहमियत है।

पांड्या का अनोखा सेलिब्रेशन, ट्रॉफी जीतना बड़ी बात नहीं

दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद पूरी टीम ने जमकर जश्न मनाया। हालांकि इसमें हार्दिक पांड्या का सेलिब्रेशन सबसे अलग रहा। हार्दिक ने खाबी लेम के आइकॉनिक पोज की नकल उतारी। लेम एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इटली के रहने वाले खाबी लेम के टिकटॉक पर 100 मिलियन फॉलोवर हैं। खाबी टिकटॉक पर प्रॉब्लम सॉल्विंग वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वह ऐसा चेहरा बनाते हैं जैसे कि उनके लिए यह प्रॉब्लम सॉल्व करना कोई बड़ी बात थी ही नहीं। हार्दिक पांड्या भी खाबी लेम की ही नकल उतारते हुए यह दिखाते हैं मानो उनके लिए यह ट्रॉफी जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

चोट-फॉर्म से जूझ रहे शटलरों के सामने होगी कठिन चुनौती

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

चोटों, स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रकाश पादुकोण की 1980 में ऐतिहासिक जीत और 2001 में पुलेला गोपीचंद की जीत के बाद से कोई भी भारतीय प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित ताज है। पिछले दो दशकों में भारतीय बैडमिंटन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है जिसमें पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे सितारों ने प्रमुख खिताब जीते हैं। हालांकि, विश्व मंच पर अपनी कई सफलताओं के बावजूद कोई भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप जीतने में सफल नहीं हो पाया है। साइना और लक्ष्य सेन 2015 और 2022 में उपविजेता रहे जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार चरण में सेमीफाइनल में पहुंची।

चुनौतियों से जूझ रहे भारतीय खिलाड़ी

हर साल, भारतीय दल इस ऐतिहासिक खिताब पर अपनी नजरें गड़ाए रहता है और हर बार उन्हें असफलता मिली है। इस साल चुनौती और भी बड़ी होगी क्योंकि भारत के शीर्ष खिलाड़ी चोट की चिंताओं और अनिरंतर फॉर्म सहित कई कठिनाइयों के साथ बर्मिंघम पहुंचेंगे। पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय खिलाड़ियों को 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सिंधू को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ा, एचएस प्रणय चिकनगुनिया से धीरे-धीरे उबरे, लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने पिता की मृत्यु से उबर रहे हैं जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले महीने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटना पड़ा था।

कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर-राहुल के बीच मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर अक्षर पटेल और सीनियर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए दो दावेदार हैं जिसमें गुजरात के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी है।

ऐसा माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार करने के बाद फ्रेंचाइजी के अधिकारी अगले कुछ दिनों में अपने नए कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैच के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कम अभ्यास शिविर लगाएगी। अक्षर, राहुल, कुलदीप यादव, दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और मिशेल स्टार्क 17 और 18 मार्च को विशाखापत्तनम में इकट्ठा होंगे। राहुल हो सकता है कि एक या दो मैच में नहीं खेलें क्योंकि उनकी पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं और यह उनके पहले बच्चे के जन्म की संभावित तारीख पर निर्भर करेगा। कैपिटल्स के साथ अपने सातवें सत्र में 31 वर्षीय अक्षर राहुल की तुलना में टीम का नेतृत्व करने के लिए अधिक संभावित उम्मीदवार दिखते हैं।

डब्लूपीएल समिति में रोहन देसाई शामिल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के नवनियुक्त संयुक्त सचिव रोहन देसाई को महिला प्रीमियर लीग की समिति में शामिल किया गया है। पंजाब क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में शामिल किया गया है। प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई कोषाध्यक्ष बनने के बाद यह स्थान रिक्त हुआ था। भाटिया कोषाध्यक्ष चुने जाने के कारण इस समिति का हिस्सा बने हुए हैं। डब्ल्यूपीएल समिति इस प्रकार है: रोजर बिन्नी - अध्यक्ष, देवजीत सैकिया (संयोजक) अरुण सिंह धूमल - आईपीएल अध्यक्ष, राजीव शुक्ला - बीसीसीआई उपाध्यक्ष, प्रभतेज भाटिया - बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष, रोहन गौंस देसाई - बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव, मधुमती लेले, दिलशेर खन्ना।

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473, Fax no: 0761-2660048 CIN: U40109MP2002SGC015120

No. CGM(S&P)/EZ/GM-I/II/2904 **TENDER NOTICE** Jabalpur, dtd: 05.03.2025

Online Tenders are invited for following items:-

S. No.	TS No.Discom/ EZ/Pur	NAME OF ITEMS	Approx. Value (Rs. in Lakhs)	Tender fee (in Rs)	Date of Opening of Tender
1	1548 (E-Tender No. 2025_PKVVC_407090_1)	11 KV & 33KV CT:PT Unit for Feeder & Consumer Metering	145.38	5,900.00	27.03.2025

For other details our website: www.mpez.co.in & mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
"बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें"
CGM (S&P)

कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन विभाग) जिला कटनी

क्रमांक/3478/लो.से.प्र./निविदा/2025 कटनी, दिनांक 07/03/2025

// विज्ञप्ति//

कटनी जिले में संचालित लोक सेवा केन्द्र स्लीमनाबाद के संचालन के लिये पी.पी.पी. मॉडल के तहत प्रायवेट आपरेटरों के चयन हेतु निविदाएं mptender के माध्यम से आनलाईन आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in एवं https://mpedistrict.gov.in पर उपलब्ध है, निविदा के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है :-

क्रमांक	कार्यवाही	तिथि
1	आनलाईन टेंडर (निविदा) का प्रकाशन एवं डाउनलोड करना	07 मार्च 2025
2	आनलाईन टेंडर (निविदा) जमा करने की अंतिम तिथि https://mptenders.gov.in	01 अप्रैल 2025 (Online Mode) 03:00 Pm
3	आनलाईन तकनीकी निविदा खोलना	02 अप्रैल 2025 (Online Mode) 03:30 Pm

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर / जिला प्रबंधक (लोक सेवा) कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
(शिशिर मेमावत)
आई.ए.एस.
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

G-24152/24

कार्यालय उप संचालक बफर जोन वनमण्डल, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481 - 661
Ph. No. 07642-253197.Fax. No.07642-251266 E-mail:ddknpb.mdl.@mp.gov.in

क्रमाक / लेखा / 715 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 28/02/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बफरजोन वनमण्डल कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला के कार्यालय अंतर्गत फेन्सिंग पोल के प्रदाय हेतु Mp Tender पोर्टल के माध्यम से निविदा आयोजित है । निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट mpforest.gov.in एवं Mp Tender पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदाएं Mp Tender पोर्टल पर पूर्णत: ऑनलाइन प्रस्तुत की जावेंगी, किसी भी माध्यम से ऑफलाइन निविदा स्वीकार नही होगी ।

क्र.	सामग्री का विवरण	स्पेशिफिकेशन
1	RCC Fencing pole	**RCC FENCING POLES-** **TYPE-** Straight length 2.00 meter. Dimensions bottom 10 * 10 cm square, Top 8 *8 cm square. Cement Concreter Mix - Cement, Sand and metal ratio 1:2:4 With 12.5 nominal size coarse aggr-eget send used should be free from clay and salt. Concrete mix shall be congforming to grade M-15 of is 4996:1984 Certificate Compulsory. **Reinforcement-** 4 Round vertical bars of 6mm diameter. 11 no of stirrups of 6mm diameter round MS bares 20 cm center to center. **Hooks -** 5 no. bottom hook Should be provide 60 cm above the bottom of the poles, second 82.5 cm, third hook 112.5cm, fourth hook at 150 cm, top and fifth hook at 195cm from bottom. **Standard-** Conforming to is 4996:1984 with up to date amendments. Certificate Compulsory.
2	PRCC Fencing pole	**Pre Stressed RCC FENCING POLES-** **Type -** Straight length 2.00 meter, Dimensions bottom 10x10 cm square, Cement Concrete mix-Concrete mix shall be Conforming to grade M-15 of IS 4996:1984 **Reinforcement -**There shall be 4 Nos. fo Vertical reinforcement of high tesile steel wire of 4mm dia. Holes 6 Nos. bottom hole should be provided 50 cm above the bottom of the poles. The Central distance between the top and bottom holes shall be equally divided for remaining holes. J Hook shall be of 6mm dia MS Bar with proper threads at one end and nut and washer for tighte-ning purpose. These J bolts shall be pass through the holes of Poles. **Standard -** Conforming to IS 4996:1984 With Up to date amendments. Certificate Compulsory.

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

उप संचालक
बफर जोन वनमण्डल
कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला

G-24147/24

व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

25 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित होगा

पुस्तक मेला से शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के एकाधिकार पर लगेगा अंकुश : कलेक्टर

हरिभूमि जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कहा गया कि 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए सुलभ रूप से शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है।

जिले में लगभग 4 लाख से ज्यादा बच्चे ऐसे हैं जो शैक्षणिक सामग्री का क्रय करते हैं और एक विद्यार्थी अपने शैक्षणिक सामग्री के लिए लगभग 5 हजार रूपये खर्च करते हैं। इस हिसाब से यह पुस्तक मेला में करोड़ों का व्यापार हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों से पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनाने के सभी प्रयास करें। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तक मेला में पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के लिए आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला से बच्चों को सस्ती व किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यवस्था में सामग्रियों के विक्रय पर पारदर्शिता होगी और शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के एकाधिकार पर अंकुश भी लगेगा।

सांस्कृतिक गतिविधियां भी हों

उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला में बुक, स्टेशनरी, यूनिफार्म व फूड स्टॉल के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी हों। विद्यार्थी अपनी पुरानी किताबों को डोनेट करें, इसके बदले उन्हें कूपन दिया जायेगा, जिसका उपयोग वे अपने स्टेशनरी खरीदने में कर सकते हैं। कोई भी विद्यार्थी अपने वांछित किताब से वंचित न रहें इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें।

मीटिंग हॉल भी बनाया जाये

कलेक्टर ने कहा कि पुस्तक मेला में एक मीटिंग हॉल भी बनाया जाये, पुस्तक मेला का ब्रांडिंग किया जाये तथा प्रतिदिन एक मुख्य अतिथि को बुलायें। मेला स्थल पर पार्किंग व साफ-सफाई के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर मेला को भव्य व एक मॉडल रूप में लाना हैं। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर मिशा सिंह, नाथूराम गोंड, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें।

गेहूं उपार्जन की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गेहूं उपार्जन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी हो। इसमें कहीं भी कोई गड़बड़ी करते हैं, तो संबंधित के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किया जाये। कौन-कौन से वेयर हाउस में कितनी कैपेसिटी है और वहां कितना स्लॉट बुकिंग हुई है यह भी देखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन में गोदामों की लिस्ट की जो खाली हैं वहां प्राथमिकता से केन्द्र बनाये गये थे, लेकिन इसमें कुछ क्षेत्र छूट गये थे। गेहूं खरीदी में उन क्षेत्रों में भी केन्द्र बनाया जाये। उन्होंने कहा कि आरआई सर्किल स्तर पर तीन-तीन खरीदी केन्द्र बनायें, जिससे 15-20 किलोमीटर रेडियस में एक गेहूं खरीदी केन्द्र हो। उन्होंने कहा कि यह कार्य होली त्यौहार के पहले पूर्ण कर लिया जाये। साथ ही कहा कि बनाये गये खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन भी कर लिया जाये। उपार्जित गेहूं को रखने के लिए गोदामों का पहले से चयन भी कर लिया जाये। उन्होंने धान उपार्जन के संबंध में कहा कि जिन गोदामों में उपार्जित धान की कमी पाई गई है, वहां के नोडल अधिकारी को निलंबित करने की कार्यवाही शीघ्र करें।

आखिरी हफ्ते तक 40 तक जा सकता तापमान

मार्च में धूप अप्रैल जैसी, पारा 32 पार

हरिभूमि जबलपुर।

हिमाचल और उत्तराखंड की पहाडिय़ों पर इस बार हुई भारी बर्फबारी के बावजूद मप्र के मैदानी क्षेत्रों में मार्च महीने में ही अप्रैल जैसी गर्मी महसूस होने लगी है। संस्कारधानी में दिन का पारा 32 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य तापमान 25 डिग्री से सात डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार मार्च महीने के आखिर तक दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार सर्दियों के सीजन में बारिश की मात्रा 80 प्रतिशत कम रही। इससे हवा की नमी गायब है। इसके अलावा बार-बार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पहाड़ों से आने वाली नम हवाएं भी कम चलीं। इससे मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ रहा है। सुबह 10 बजे ही दोपहर के 12 बजे की धूप लोगों ने महसूस की। घरों और कार्यालयों में एसी भी चलने लगे हैं।

अब तापमान में कमी के आसार नहीं

मार्च में पहली बार गर्मी के दिनों जैसा एहसास हुआ। अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा रहा। गर्मी यहीं रुकने वाली नहीं है। अगले सात दिन तक मौसम गर्म रहने वाला है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री से भी अधिक रिकॉर्ड होगा। वहीं न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री या इससे अधिक ही रहने वाला है। दरअसल, हवा की दिशा फिर से पश्चिमी हो गई है जो अपने साथ गर्मी ला रही है। इस वजह से तपिश रविवार से एकदम तेज हो गई। शनिवार रात को न्यूनतम तापमान औसत से 3 डिग्री ज्यादा होकर 18 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान सामान्य से ज्यादा होने के बावजूद रात 10 से अगले दिन सुबह 8 बजे तक हलकी ठंड भी महसूस हो रही है। सुबह 9 बजे के साथ ही धूप तेज होती चली जा रही है। न्यूनतम तापमान इस महीने में 10 डिग्री के स्तर तक चला गया था। अब तापमान में कमी आने के आसार नहीं हैं। 15 मार्च के बाद से गर्मी का सीजन पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। हालांकि गर्मी को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ आते रहे तो मामूली राहत मिलती रहेगी।

अब 4 के बाद शराब ठेकों के बने 29 समूहों की ऑनलाईन टेंडर प्रक्रिया शुरु

दारु के महंगे ठेकों में रुचि नहीं दिखा रहे ठेकेदार

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर में शराब ठेको के लिए ठेकेदार रुचि नहीं दिखा रहे। नवीनीकरण की तारीख निकल जाने के बाद लाटरी में भी किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब सोमवार से गुरुवार तक आबकारी विभाग ने ऑनलाईन लाइव टेंडर बुलाए है।

यहां गौरतलब है कि 9 मार्च तक नवीनीकरण और लाटरी की प्रक्रिया का दौर पूरा हो जाने के बाद इसमें किसी भी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई, लिहाजा अगली प्रक्रिया को अपनाया गया। 8 मार्च तक ऑनलाईन टेंडर बुलाए गए, लेकिन कोई टेंडर नहीं आया। अब टेंडर के दूसरा राउंड 10 मार्च से शुरु हुआ। आवेदन बटने शुरु हो गए, जो 13 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे तक लिए जायेंगे और दोपहर 2 बजे से टेंडर खुलने शुरु हो जायेंगे। इसके बाद टेंडर का तीसरा राउंड 18 मार्च से शुरु होगा, और चौथा राउंड 22 मार्च से शुरु होगा। इसके बाद भी अगर टेंडर नहीं आए तो विभागों को 1 अप्रैल से खुद दुकानें चलानी पड़ेगी। दरअसल नई आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों में 20 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि किए जाने और ठेकेदारों का कमीशन घटाए जाने और छोटे ठेकेदार टेंडर लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। पहले आबकारी विभाग ने जिले की दुकानों के चार समूह बनाए थे अब उन्हें 29 समूहों में बाट दिया। गौरतलब है कि बीत रहे वित्तीय वर्ष में 45 समूहों में ठेके नीलाम हुए थे। अब इसमें कितने शराब कारोबारी कितनी दिलचस्पी दिखायेंगे। इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई है। अभी तक कोई भी ठेकेदार सामने नहीं आया। सूत्रों के मुताबिक जो सरकारी रेट पर बिड तय हुई है उससे ब्लो में आनलाईन टेंडर होटल एक्सेप्ट हीं नहीं करेगा, लिहाजा इस बात की उम्मीद कम ही है कि सभी समूह ठेके पर उठ जायेंगे। संभंव है कि आठ से दस समूह ऑनलाईन टेंडर में नीलाम हो जाए लेकिन उसके बाद बाकी के समूह फिर भी नहीं उठ पायेंगे, ऐसा कहा जा रहा है। जबलपुर के शराब ठेके प्रदेश स्तर पर सुर्खियों में हैं। कोई इसे नई आबकारी नीति का दुष्परिणाम बता रहा है तो कोई इसे जबलपुर के आबकारी अमले की विफलता निरुपित कर रहा है। विभागीय अधिकारी भी चुप्पी साधे है। बस सोशल मीडिया पर एक ही बात तैर रही है कि ठेके काफी महंगे होने के कारण टेंडर नहीं आ रहे।

होली के बाद शुरू हो सकता है बड़ा अभियान

राशन कार्ड हितग्राहियों का होगा सत्यापन

जबलपुर। नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि शमी ने कुछ दिन पूर्व जबलपुर में अधिकारियों की बैठक में राशन कार्ड सत्यापन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों के बाद अब प्रशासन राशन कार्ड धारियों के सत्यापन के लिए एक बड़ा अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, यह अभियान होली के बाद शुरू हो सकता है। यह अभियान राशन कार्ड के सत्यापन, फर्जी कार्डधारियों की पहचान और पात्र लाभार्थियों को राशन का सही वितरण सुनिश्चित करने पर केंद्रित होगा। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस अभियान से राशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचेगा।

गौरतलब है कि प्रमुख सचिव रश्मि शमी ने विगत दिनों जबलपुर में आयोजित बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी राशन कार्ड धारियों का सत्यापन करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए थे कि पात्र लाभार्थियों का ई-केवायसी भी पूरा किया जाए। यह सत्यापन अभियान मार्च महीने में विशेष रूप से चलेगा और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अपात्र व्यक्ति राशन का लाभ न उठा सके।

प्रशासनिक तैयारी और उम्मीदें

सूत्रों के अनुसार, राशन कार्ड सत्यापन अभियान के तहत अधिकारियों द्वारा फील्ड में जाकर जमीनी स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। होली के बाद इस अभियान की शुरुआत से प्रशासन की योजना है कि अप्रैल तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर उनका राशन मिल सके और किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके।

आम जनता को वास्तविक लाभ मिले

इस अभियान को लेकर अधिकारियों में गहरी सक्रियता देखी जा रही है, और उनकी कोशिश है कि यह प्रक्रिया तेजी से और सटीकता से संपन्न हो, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि यह कदम सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता को बढ़ाएगा और नागरिकों को राशन वितरण में किसी भी प्रकार की समस्याओं से बचाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

प्रदेश के हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

जबलपुर। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे।

वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़ाइनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सौलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को दी जा रही व्यावसायिक शिक्षा

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा देने के लिये 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये है।

रांझी के मड़ई में वारदात, 3 वाहन खाक

जबलपुर। रांझी थाना अतंर्गत व्हीकल मोड़ मड़ई में बाहर खड़े तीन वाहनों में तीन आरोपियों ने आग लगा दी। जिससे एक बाईक पूरी तरह जल गई वहीं एक एक्टिवा और एक बाईक आधी जली गई है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्हीकल मोड़ मड़ई निवासी 38 वर्षीय टेंट दुकान संचालक जीतू पटेल गत रात लगभग 11 बजे अपने घर में था तभी उसे टेंट दुकान के सामने आग लगने की आहट मिली तो वह घर के बाहर निकलकर देखा तो एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एम एक्स 6138, एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस ई 1437, होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एनपी 5056 में मोहल्ले के शुभम झारिया, सुमित झारिया, मोंटी पटेल ने आग लगा दी। उसे देखकर तीनों मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों की मदद से आग बुझाई गई। आग लगने से जीतू के दोस्त भागचंद की एचएफ डीलक्स पूरी तरह जल गई वहीं ऋषभ रजक की होण्डा साईन एवं उसकी एक्टिवा आधी आधी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपयों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 326(एफ), 3(5) भारतीय न्यास बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

घर के बाहर खड़े वाहनों में बदमाशों ने लगाई आग

फ्यूजन ऊर्जा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में एक गेम चेंजर : बेंडे

जबलपुर। एम.पी. पावर ट्रांसमिशन एवं जेनरेटिंग कंपनी के पूर्व प्रबंध संचालक प्रभाकर ए.आर. बेंडे का एक सामायिक लेख ऊर्जा क्षेत्र की प्रसिद्ध पावर लाइन पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इस लेख में श्री बेंडे ने जलवायु परिवर्तन और इसके कारण पर्यावरणीय सुरक्षा पर वैश्विक प्रभाव के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत कर फ्यूजन ऊर्जा के व्यापक उपयोग पर जोर दिया है। परमाणु फ्यूजन प्रौद्योगिकी, जो अभी भी विकासाधीन है, एक गेम चेंजर बनने की क्षमता रखती है क्योंकि यह कोई महत्वपूर्ण पर्यावरणीय खतरे के बिना साफ और लगभग असीम ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम है।

पिता की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण का पटाक्षेप

बेटियां मां के साथ हैं तो अवैध हिरासत नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि नाबालिग बेटियां अपनी मां के साथ है। यह अवैध हिरासत का नहीं वैवाहिक मुद्दा है।इस मत के साथ हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पिता की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। याचिका में ससुराल पक्ष पर पत्नी व उसकी दो नाबालिग बेटियों को बंधक बनाये जाने का आरोप लगाया गया था। भोपाल के नवीन नगर निवासी लोकेश पटेल की ओर से याचिका दायर की गई थी। कहा गया था कि याचिकाकर्ता की पत्नी नेहा पटेल तथा रूपेश चौरसिया उसकी दो नाबालिग बेटियों को अवैध हिरासत में रखे हुए है। हाईकोर्ट ने भोपाल पुलिस को दोनों नाबालिग बेटियों को पेश करने के आदेश दिये थे। पुलिस ने दोनों नाबालिग बेटियों को उनकी मॉ के साथ न्यायालय में पेश किया। अनावेदक पत्नी नेहा ने कोर्ट को बताया कि कुछ व्यक्तिगत मुद्दों के कारण वह याचिकाकर्ता पति के साथ रहने की स्थिति में नहीं है। उसने खुद ही दोनों बेटियों के साथ पति का वैवाहिक घर छोड़ दिया है। वह अपने वैवाहिक पति के घर नहीं जाना चाहती है। युगलपीठ ने अनावेदक पत्नी के जवाब को रिकॉड में लेते हुए अपने आदेश में कहा कि यह अवैध हिरासत का नहीं बल्कि वैवाहिक मुद्दे का मामला है। याचिकाकर्ता को वैवाहिक मुद्दों के लिए कानून के अनुसार उचित कार्यवाही की स्वतंत्रता है। कोर्ट ने उक्त आदेश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

लोकसभा में सांसद दुबे द्वारा उठाए प्रश्न पर मंत्री जयंत चौधरी ने दी जानकारी

जबलपुर में लगभग एक लाख युवाओं को केंद्र सरकार की प्रशिक्षण योजनाओं का लाभ मिला : सांसद

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पी.एम.के.वी.वाई.) के तहत पिछले लगभग 9 वर्षों में 75762 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसी तरह राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एन.ए.पी.एस.) के तहत पिछले लगभग सवा चार वर्षों में 7978 और शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सी.टी.एस.) के तहत 17516 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण मिल चुका है। जिले में पात्र उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने के लिए पी.एम.के.वी.वाई. के 79 प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है,वहीं एन.ए.पी.एस. के तहत प्रशिक्षण देने के लिए 112 प्रशिक्षण केंद्र कार्यरत हैं। इसी तरह सी.टी.एस. (आई.टी.आई.) के तहत 38 प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर जिले में काम कर रहे हैं। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे के लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उठाये गए तारांकित प्रश्न के उत्तर में दी। सांसद श्री दुबे ने जानना चाहा था कि जबलपुर में कौशल विकास की संभावनाओं के तहत केंद्र सरकार द्वारा किस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं एवं भविष्य में इस दिशा में केंद्र सरकार क्या कदम उठाने जा रही है।

व्यवसायिक शिक्षा को मिले बढ़ावा

विभागीय मंत्री जयंत चौधरी ने सांसद श्री दुबे के प्रश्न के उत्तर में बताया कि शिक्षा और कौशल के विभिन्न रूपों में प्रगति और गतिशीलता का मार्ग सुनिश्चित करने के लिये राज्य एकीकृत और समग्र प्रकार से व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये कौशल विश्वविद्यालय स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न तरह के प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना, शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से मध्यप्रदेश सहित देश के अनेक जिलों में प्रदान किये जा रहे हैं जिसमें जबलपुर भी शामिल है। सांसद श्री दुबे ने आशा जताई है कि जिस तरह वर्तमान में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जबलपुर के युवाओं को मिल रहा है उसी तरह से भविष्य में भी उद्योगों के लिये कौशल से लैस युवाओं की संख्या जबलपुर में बढ़ेगी। यह इस बात से प्रमाणित होता है कि वर्तमान में विभिन्न योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये सवा दो सौ से अधिक प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर में कार्य कर रहे हैं और अभी तक इनका लाभ जिले के लगभग एक लाख युवाओं को मिल चुका है।

बार काउंसिल की नामांकन समिति ने लगाई मोहर

450 नये अधिवक्ताओं का किया नामांकन, दो की सनद बहाल

जबलपुर। मप्र स्टेट बार काउंसिल ने साढ़े चार सौ नये अधिवक्ताओं के नामांकन पर अपनी मोहर लगा दी। काउंसिल की बैठक में दो अधिवक्ताओं की सनद भी बहाल की गई । काउंसिल के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि परिषद की नामांकन समिति-ए की बैठक के अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उन्होंने एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने प्रदेश भर से आये आवेदन पत्रों पर विचारोपरांत लगभग 450 आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन की मोहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया। इसके साथ ही पुनः विधि व्यवसाय प्रारंभ करने वाले 2 अधिवक्ताओं का रिजम्शन कर सनद बहाल की गई। वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष तिवारी द्वारा सभी नये अधिवक्ताओं को बधाई देते हुये विधि जगत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रणय खरे, अंकित सेन, राहुल तिवारी मौजूद रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240